नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 183 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 (4+4)

धरमजयगढ़, मंगलवार 10 मई 2022

सहकारी समितियों में अनाधिकृत रूप से झाइम खाद की बिक्री ... पेज -3 पर

टोनी प्रताड़ना मामले में एसडीओपी ने लिया संज्ञान, आरोपी के खिलाफ ... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### 12 डॉक्टर और 13 स्टाफ ड्यूटी पर नहीं मिले

*बिलासपुर के जिला अस्पताल में ज्वाइंट डायरेक्टर का छापा, सभी को नोटिस*



**बिलासपुर।** बिलासपुर के सरकारी अस्पताल में अव्यवस्था नहीं सुधर रही है। सोमवार की सुबह ज्वाइंट डायरेक्टर जिला अस्पताल पहुंचे, तब सिविल सर्जन भी नहीं पहुंचे थे। इस दौरान 12 डॉक्टर और 13 स्टाफ बिना सूचना के गायब मिले। उन्होंने उन्हें शो कॉज नोटिस जारी कर वेतन में एक दिन की कटौती करने की चेतावनी दी है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय अस्पताल के साथ ही शहर में भी अव्यवस्था का आलम है। ज्यादातर अस्पताल में डॉक्टर और स्टाफ समय पर ड्यूटी में नहीं पहुंच रहे हैं। इसके चलते मरीजों को दिक्कतें हो रही है। ष्ट्ररूाह्व व प्रभारी ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद महाजन ने सभी ब्रूह्र व स्वास्थ्य अधिकारियों को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही वे खुद लगातार ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से प्रभारी ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. महाजन व्यवस्था की जानकारी के लिए अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंच रहे हैं।

# रायपुर में पिस्तौल दिखाकर कैशियर से 3 बदमाशों ने लूटे 10 लाख

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। प्रॉपर्टी डीलर के कैशियर को बाइक सवार बदमाशों ने बीच रास्ते में रोका और पिस्तौल दिखाकर 10 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए।

बदमाशों ने पीड़ित के साथ मारपीट भी की है। पुलिस ने 3 अज्ञात लुटेरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। दिनदहाड़े लूट की इस वारदात से राजधानी में हड़कंप मच गया है। इधर बालोद जिले में एक व्यापारी का 25 लाख रुपये से भरा बैग सड़क पर गिर गया, जिसे बाइक सवार महिला व पुरुष उठाकर ले गए। रायपुर के गंज पुलिस थाना से मिली



जानकारी के मुताबिक लूट की यह वारदात दोपहर बाद 1 से 2 बजे के बीच हुई है। रायपुर के प्रापर्टी डीलर ताराचंद सांखला का कैशियर आकाश यादव 10 लाख रुपये लेकर रजिस्ट्री ऑफिस (पंजीयक कार्यालय) जा रहा था। इसी दौरान फाफाडीह के एक्सप्रेस-वे ओवरब्रिज के नीचे बाइक सवार 3 अज्ञात बदमाशों ने आकाश को रोक लिया और उस पर पिस्तौल टिका दिया। आरोपियों ने आकाश की गाड़ी की डिक्की में रखे 10 लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गए। बदमाशों ने आकाश के साथ मारपीट भी की है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। रायपुर के सीमावर्ती जिलों में नाकेबंदी की गई है, ताकि लुटेरों को जिले से बाहर जाने से रोका जा सके। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक व्यापारी का रुपये से भरा बैग सड़क पर गिर गया। बैग में 25 लाख रुपये थे, जिसे व्यापारी बैंक में जमा करने जा रहा था। बैग रास्ते में गिर गया और व्यापारी को इसकी जानकारी तक नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व उपाध्यक्ष और बालोद शहर के होलसेल किराना व्यापारी ताराचंद सांखला का बेटा समकित सांखला सोमवार को बैग में रुपये लेकर बैंक जमा करने जा रहा था।

# नवा रायपुर में होंगे अब बड़े आंदोलन

**बूढ़ा तालाब धरना स्थल पर 100 से ज्यादा लोगों को अनुमति नहीं, बड़े आंदोलन अब अटल नगर में**

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बूढ़ातालाब स्थित धरना स्थल में अब 100 से ज्यादा लोग प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। रायपुर जिला प्रशासन ने आदेश जारी कर बड़े प्रदर्शन के लिए नवा रायपुर के राज्योत्सव के सामने मैदान को नया धरना स्थल निर्धारित किया है। इस आदेश के साथ आक्रोश भी भड़क गया है।

भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्टरोरेट का घेराव कर दिया। भाजपा नेताओं ने भूपेश बघेल सरकार व कलेक्टर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कलेक्टोरेट में बड़ी संख्या में



पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी। रायपुर जिला प्रशासन का कहना है, छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स, सराफा एसोसिएशन और स्थानीय पार्षद सहित आमजनों ने बूढ़ा तालाब धरना स्थल को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की थी। बूढ़ा तालाब में धरना-प्रदर्शन होने व भीड़ बढ़ने से लोगों को असुविधा हो रही है। रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार ने आदेश जारी कर कहा कि जन भावनाओं और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित धरना स्थल को नवा रायपुर के राज्योत्सव मैदान के सामने स्थानांतरित किया जा रहा है। आदेश में कहा गया है कि

**पिछले कुछ महीनों से रायपुर के धरना स्थल पर बड़े और लंबे समय तक चलने वाले प्रदर्शनों की संख्या बढ़ी है।**

अब बूढ़ा तालाब स्थित धरना स्थल पर बड़े प्रदर्शन नहीं होंगे। केवल 100 की संख्या में ही प्रदर्शनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन कर सकेंगे। प्रशासन से इसकी भी विधिवत अनुमति लेनी होगी। यहां किसी भी प्रकार की रैली या जुलूस की अनुमति नही दी जाएगी। इस आदेश के साथ मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आई है।

### धरना-प्रदर्शन के लिए अनुमति लेना अनिवार्य


बता दें कि 22 अप्रैल को मुख्यमंत्री निवास घेराव करने निकले संविदा विद्युत कर्मियों ने बूढ़ापारा की सड़क को जाम कर दिया। वह सड़क पर ही रातभर बैठे रहे। 23 अप्रैल को सुबह जब सड़क खाली नहीं की गई तब पुलिस ने लाठी बरसाई थी। नवा रायपुर में किसान आंदोलन भी जारी था। प्रशासन ने वहां आंदोनकारी किसानों का सामान जब्त किया था। इसके बाद गृह विभाग ने आदेश जारी कर धरना-प्रदर्शन के लिए अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया है। इस आदेश को लेकर भाजपा लगातार सरकार पर हमलावर है। पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। आदेश वापस नहीं लेने पर 16 मई को इस मुद्दे पर प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन का ऐलान भाजपा ने किया है।

### धरना स्थल पर भी अब जुलूस की अनुमति नहीं

प्रशासन का कहना है कि बूढ़ा तालाब स्थित धरना स्थल पर 100 लोगों तक के प्रदर्शन के लिए भी प्रशासन से विधिवत अनुमति लेनी होगी। शहर के धरना स्थल पर केवल शांतिपूर्ण आंदोलन की ही अनुमति रहेगी । यहां किसी भी प्रकार की रैली या जुलूस की अनुमति नही दी जाएगी।

असानी से बदलेगी हवा की दिशा

# मौसम विभाग का अलर्ट छत्तीसगढ़ में बारिश के आसार, तापमान में होगी गिरावट



**रायपुर।** चक्रवात असानीके कारण छत्तीसगढ़ में हवा की दिशा और गति दोनों बदल रही है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएं अपने साथ नमी लेकर आएगी। हवा की गति 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे हो सकती है। असानी चक्रवात की वजह से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। चक्रवात के असर से आसमान में बादल छाए रह सकते हैं, जिससे अधिकतम तापमान कमी आएगी। मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवात के 10 मई तक आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटों पर पहुंचने की संभावना है। ओडिशा, छत्तीसगढ़ का पड़ोसी राज्य है।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि 9 मई को हवा की दिशा में परिवर्तन होकर बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त ठंडी हवा का आगमन होने की प्रबल संभावना है। चक्रवात की वजह से छत्तीसगढ़ के अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। चक्रवात के असर से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। %असानी% चक्रवात के कारण प्रदेश में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। चक्रवात के 10 मई तक आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तटों पर पहुंचने की संभावना है।

# धार्मिक मोड में भूपेश सरकार, राम वनगमन पथ के बाद अब बनेंगे कृष्ण कुंज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में राम वनगमन पथ के बाद अब सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में 'कृष्ण कुंज' होगा। कृष्ण कुंज में बरगद, पीपल, नीम और कदंब जैसे धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के पौधों का रोपण किया जाएगा।

सीएम भूपेश बघेल ने सभी कलेक्टरों को 'कृष्ण कुंज' विकसित करने वन विभाग को कम से कम एक एकड़ जमीन देने को कहा है। आगामी कृष्ण जन्माष्टमी के दिन पूरे राज्य में



'कृष्ण कुंज' के लिए तय जमीन पर धार्मिक महत्व के पौधों का रोपण किया जाएगा। देश में संभवत ऐसा कृष्ण कहीं नहीं बनाया गया है।

सीएम भूपेश ने कहा है कि हमारे देश में बरगद, पीपल, नीम, कदंब सहित अन्य वृक्षों की पूजा करने की प्राचीन परंपरा है। मनुष्य जीवन में वृक्षों की उपयोगिता होने के कारण ही हमारी धार्मिक परंपराओं में इन्हें महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। शहरी क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है, जिससे वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। पेड़ों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। अगर यही स्थिति रही तो भावी पीढ़ी को वृक्षों के परंपरागत महत्व के बारे में जानकारी तक नहीं होगी। सीएम ने कहा कि वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण हम सभी कर्तव्य है।

# पास्को एक्ट में अपराध दर्ज होने पर शिक्षक निलंबित

**रायपुर ।** गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के विकासखण्ड मरवाही के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लिटिया सरई में पदस्थ शिक्षक विनोद कुमार राय (एलबी) के विरूद्ध पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

यह कार्यवाही संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही से इस संबंध में मिले प्रस्ताव पर की गई है। निलंबन अवधि में शिक्षक विनोद कुमार राय (एलबी) का मुख्यालय विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी मरवाही निर्धारित किया गया है।

# खाद्य मंत्री ने जल जीवन मिशन के कार्यों का किया भूमिपूजन

नल जल योजना से 756 घरों में लगेगा नल कनेक्शन

**रायपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री अमरजीत भगत ने आज अम्बिकापुर जिले के अम्बिकापुर जनपद अंतर्गत ग्राम कर्रा में जल जीवन मिशन के कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके अंतर्गत सोलर पम्प आधारित नल एवं टंकी का निर्माण लगभग 3 करोड़ 66 लाख रुपए के लागत से किया जाएगा।

इस नल जल योजना से 756 घरेलू नल कनेक्शन लगेंगे। इस अवसर पर खाद्य मंत्री ने पीएचई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता पूर्ण टंकी स्थापित करें तथा नल जल योजना की गुणवत्तापूर्ण भी बेहतर हो।



उन्होंने कहा कि लोगों को घर-घर नल से जल की सुविधा होगी तो समय की बचत भी होगी। उन्होंने अधिकारियों को नल जल योजना को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी तरह मंत्री श्री भगत ने बतौली विकासखंड के हाईस्कूल सेदम में सरस्वती सायकल योजना के तहत छात्राओं को साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# भ्रष्टाचार पर कार्यवाही का रमन और भाजपा पैरोकार बन रहे - कांग्रेस

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री के सरगुजा संभाग के दौरे के दौरान अपने कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले तथा भ्रष्टाचारियों पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गयी प्रभावी और त्वरित कार्यवाही का कांग्रेस ने स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा भ्रष्ट और कर्तव्य पालन नहीं करने वाले पर की जा रही कार्यवाही पर सवाल खड़ा करके रमन और भाजपा भ्रष्टाचारियों के समर्थन में खड़ी नजर आ रहे हैं। 15 साल तक प्रदेश में कमीशनखोरी का राज था पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह खुद अपने कार्यकर्ताओं से कमीशनखोरी बंद करने की मिन्नतें करते थे।

**तेन्दूपत्ता..** लगभग 13 लाख परिवारों को मिलेगा तेन्दूपत्ता संग्रहण का लाभ

# राज्य में अब तक लक्ष्य का एक तिहाई से अधिक 6.98 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण

रायपुर। छत्तीसगढ़ में चालू वर्ष 2022 के दौरान अब तक 6 लाख 97 हजार 827 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हो चुका है, जो लक्ष्य 17 लाख 32 हजार 440 मानक बोरा का लगभग 40 प्रतिशत है।

इनमें तेन्दूपत्ता संग्राहकों को कुल भुगतान योग्य राशि 279



करोड़ रूपए से अधिक हैं। इसका संग्रहण 7 लाख 81 हजार 732 तेन्दूपत्ता संग्राहकों द्वारा किया गया है। चालू वर्ष के दौरान अब तक गरियाबंद वनमंडल में सर्वाधिक



**अभी 7.82 लाख संग्राहकों द्वारा लगभग 280 करोड़ रूपए के तेन्दूपत्ता का हो चुका संग्रहण**

71 हजार 576 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्कदर्शन में राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य सुचारू रूप से जारी है। राज्य लघु वनोपज संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जगदलपुर वनवृत्त के अंतर्गत वनमंडल बीजापुर में 27 हजार 722 संग्राहकों द्वारा 15.35 करोड़ रूपए के 38 हजार 384 मानक बोरा, सुकमा में 34 हजार संग्राहकों द्वारा 36.52 करोड़ रूपए के 66 हजार 302 मानक बोरा, दंतेवाड़ा में 19 हजार 444 संग्राहकों द्वारा 7.36 करोड़ रूपए के 18 हजार 393 मानक बोरा तथा जगदलपुर में 40 हजार 183 संग्राहकों द्वारा 6.27 करोड़ रूपए के 15 हजार 676 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हो चुका है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

मुख्यमंत्री मितान योजना

# महज 18 घण्टे में ही कोसरिया परिवार को मिला जन्म प्रमाण-पत्र

**रायपुर।** आमजनता से संबंधित प्रमुख सेवाओं को सुगम व सरल बनाने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने श्रम दिवस के अवसर पर एक मई को 'मुख्यमंत्री मितान योजना लागू की है। योजना के तहत आम नागरिक ज़रूरी प्रमाणपत्र घर बैठे आसानी से प्राप्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में नगर पालिक निगम धमतरी के सदर दक्षिण वार्ड रामबाग निवासी श्री प्रदीप कोसरिया परिवार को महज 18 घंटे में ही उनके नवजात पुत्र ऋत्विक कोसरिया का जन्म प्रमाण पत्र घर पर ही मिल गया। दरअसल बात यह है कि श्री प्रदीप कोसरिया ने अपने नवजात पुत्र के जन्म प्रमाण



पत्र के लिए मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत आवेदन किया था। प्रमाण पत्र बनने के बाद धमतरी जिला कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने स्वयं श्री प्रदीप कोसरिया के घर पहुंच कर नवजात पुत्र ऋत्विक का जन्म प्रमाण पत्र दिया। कलेक्टर के हाथों जन्म प्रमाण पत्र पाकर कोसरिया परिवार का उत्साह दुगुना हो गया। उल्लेखनीय है कि श्री प्रदीप कोसरिया की पत्नी श्रीमती पूर्णिमा कोसरिया ने 20 मार्च 2022 को पुत्र को जन्म दिया था, जिसका नाम ऋत्विक रखा था।

# आरोप-प्रत्यारोप का दौरः राजनेताओं और नौकरशाहों का मिटता फर्क

बिना किसी रोक-टोक के एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाना आम तौर पर राजनेताओं की आदतों में शुमार है, जिनके प्रतिनिधि हर दिन टीवी पर प्राइम टाइम बहस में और ट्विटर व अन्य सोशल मीडिया पर लड़ते रहते हैं। अफसोस कि इस बीमारी ने सेवानिवृत्त नौकरशाहों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। सेवानिवृत्ति के बाद सिविल सेवक सामान्य नागरिकों की स्थिति में लौट आते हैं।

इसलिए उनके द्वारा अपने विचारों को सार्वजनिक रूप में प्रकट करने को गलत नहीं बताया जा सकता, जिन्हें उन्होंने सेवा आचरण नियमों के कारण दशकों से दबा रखा था। और राष्ट्र के सामान्य, पर प्रबुद्ध नागरिकों के रूप में, उन्हें भी सरकार की नीतियों और निर्णयों की प्रशंसा व समर्थन करने या आलोचना करने का अधिकार है। लोकतांत्रिक देशों में यह सामान्य घटना है।

अगर कुछ सेवानिवृत्त नौकरशाहों को लगता है कि प्रधानमंत्री देश के महत्वपूर्ण हितों की सेवा कर रहे हैं, अपने अंतरराष्ट्रीय कद को ऊंचा कर रहे हैं और भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं, तो उन्हें इसे बताने का अधिकार है। यह बात किसी को क्यों खटकनी चाहिए? उसी तरह से यदि कुछ पूर्व नौकरशाहों को लगता है कि जैसा दावा किया गया था, चीजें वैसी नहीं हैं और जनहित के कई बड़े मुद्दे अनसुने रह गए और सरकार ठोस परिणामों के बजाय प्रचार और तीखी बयानबाजी में उलझी रह गई, तो उन्हें भी अधिकार है कि वे अपने विचार व्यक्त करें। सरकार की आलोचना के कारण उनकी देशभक्ति पर सवाल क्यों उठना चाहिए? क्या हम इतने असुरक्षित हैं? स्वस्थ लोकतंत्र के लिए स्वस्थ आलोचना जरूरी है। लेकिन क्या निराधार और असंतुलित आलोचना को रचनात्मक माना जा सकता है? हिंसा चाहे जिसने भी शुरू की हो, उसकी आलोचना की जानी चाहिए और असली अपराधियों को जितनी जल्दी हो, कानून के दायरे में लाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के बारे में आलोचनात्मक टिप्पणी करने, कार्टून बनाने या स्टैंड अप कॉमेडियन के रूप में मजाक करने जैसे तुच्छ आधारों पर गिरफ्तारी लोकतंत्र में अस्वीकार्य है। इसी



भाजपा के पास सरकार का बचाव करने के लिए मुखर प्रवक्ता हैं। फिर कुछ सेवानिवृत्त नौकरशाह किस वजह से अपनी ही बिरादरी के सदस्यों पर हमला करते हैं? क्या यह नेशनल टीवी पर कुछ देर जगह पाने का लालच है।

तरह से गौरक्षा के नाम पर लिंचिंग या सुरक्षा बलों की ज्यादती पर ध्यान आकर्षित करना अपराध नहीं है। बल्कि जनहित में ऐसी घटनाओं को सरकार के समक्ष लाना प्रत्येक विवेकशील नागरिक का कर्तव्य है। नागरिकों को क्या खाना चाहिए और क्या पहनना चाहिए, इसके बारे में निर्देश देना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है! अलबत्ता इन सबके लिए प्रधानमंत्री को दोष देना कितना सही है? देश के अलग-अलग हिस्सों में हो रही कुछ नकारात्मक घटनाओं के बावजूद क्या प्रधानमंत्री को हिटलर कहने और उन पर फासीवादी एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाने का कोई मतलब है? उनके आलोचकों को संतुलन नहीं खोना चाहिए।

नेक इरादे से भी की गई आलोचना में संतुलन की कमी अक्सर उसकी विश्वसनीयता खत्म कर देती है। हां, 1.3 अरब से अधिक लोगों की सरकार के मुखिया होने के नाते जब ऐसी चीजें होती हैं, तो प्रधानमंत्री अपनी नैतिक जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। कुछ लोगों का मानना है कि प्रधानमंत्री द्वारा ऐसी घटनाओं की त्वरित, मजबूत और स्पष्ट निंदा और शांति व सद्भाव की अपील स्थिति को नियंत्रण में ला सकती है। हाल ही में मैं कुछ सिविल सेवकों को राष्ट्रीय टीवी चैनल पर अपने साथी नौकरशाहों/महिलाओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए देखकर चकित था। उनमें से कुछ 10-15 वर्ष वरिष्ठ हैं और उच्च पदों पर आसीन हैं। उनका आरोप था कि सरकार की आलोचना करने वाले पूर्व नौकरशाह किसी विदेशी शक्ति के इशारे पर काम कर रहे होंगे! यह कितना हास्यास्पद तर्क है!

उनकी और जो भी कमियां रही हों, यह तो मानना पड़ेगा कि नौकरशाहों ने इस देश को एकजुट रखा है और कुछ बुरे लोगों को छोड़कर उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है और अपने राजनीतिक आकाओं को सर्वोत्तम संभव सलाह दी है। यदि यह सच नहीं होता, तो ऐसे नौकरशाह नहीं होते, जो विभिन्न राजनीतिक दलों के चार-पांच प्रधानमंत्रियों के अधीन कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, गृह सचिव और विदेश सचिव के रूप में कार्य कर चुके होते! जो कभी कैबिनेट सचिव या विदेश सचिव या विभिन्न मंत्रालयों में सचिव और बड़े राज्यों में पुलिस महानिदेशक के रूप में कार्य करते थे, उन पर यह आरोप लगाना बेतुका है कि वे विदेशी शक्तियों के लिए कार्य कर सकते हैं। यह पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के आरोप जैसा है कि अमेरिका उनकी सरकार गिराना चाहता था!

केंद्रीय मंत्रिमंडल के एक वरिष्ठ सदस्य, जो तीन प्रमुख मंत्रालयों के प्रभारी हैं, 40 वर्षों तक भारतीय विदेश सेवा के सदस्य रहे और उन्होंने 11 प्रधानमंत्रियों के साथ सेवा की। उनकी ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, योग्यता और व्यावसायिकता पर कभी किसी ने सवाल नहीं उठाया। अन्य सेवानिवृत्त नौकरशाहों के लिए इससे अलग तथ्य क्यों होना चाहिए?

सुरेंद्र कुमार

## संपादकीय

### झारखंड कांग्रेस की पालकी ढोने की मजबूरी

झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार कांग्रेस के समर्थन से चल रही है। कांग्रेस के 16 जीते हुए विधायक हैं और दो विधायक बाबूलाल मरांडी की पार्टी छोड़ कर आए थे, जिनमें से एक बंधु तिर्की की सदस्यता खत्म हो गई है। फिर भी कांग्रेस के 17 विधायक हैं और इसके दम पर कांग्रेस को कमांडिंग पोजिशन में होना चाहिए था। लेकिन हैरानी की बात है कि सरकार में कोई महत्व नहीं मिलने के बावजूद कांग्रेस पार्टी सरकार की पालकी ढो रही है। एक विधायक वाली राजद का एक मंत्री है और 16 विधायक वाली कांग्रेस के चार मंत्री हैं। लेकिन मंत्रियों को स्वतंत्र रूप से काम करने की कोई आजादी नहीं है। राज्य सरकार कई तरह के आरोपों में फंसी है। मुख्यमंत्री के नाम से पत्थर माइंस की लीज की गई थी, जिसे लेकर चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है। मुख्यमंत्री के विधायक भाई और पत्नी के ऊपर माइंस और जमीन लेने के आरोप हैं। मुख्यमंत्रियों के करीबियों के खिलाफ जांच चल रही है और फर्जी कंपनियों को लेकर हाई कोर्ट ने आदेश दिया है। इसके बावजूद सरकार को जिम्मेदार बनाने के लिए कांग्रेस कुछ नहीं कर रही है। कांग्रेस की ओर से कई बार साझा न्यूनतम कार्यक्रम बनाने और एक कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाने की मांग की गई लेकिन मुख्यमंत्री ने इस पर ध्यान ही नहीं दिया। मुख्यमंत्री कांग्रेस के समर्थन को फॉर गारंटेड मान कर चल रहे हैं। वे प्रदेश के हाई प्रोफाइल प्रभारी को भी कोई खास तवज्जो नहीं देते।

## महिलाओं में मोटापा और कुपोषण बढ़ा रहा समस्या, चिंता पैदा कर रहे हैं ये आंकड़े

खानपान समेत विभिन्न कारणों के चलते मोटापा आज भले ही अमीरी की निशानी न रह गया हो मगर कुपोषण का कारण आज भी गरीबी ही है। भारत में कुपोषण के कारण जहां पचास प्रतिशत से अधिक महिलाएं कमजोर, बौने और जन्मजात बीमारियों से ग्रस्त बच्चों को जन्म दे रही हैं और रक्त अल्पता की बीमारियों का सामना कर रही हैं वहीं देश के कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां महिलाओं के लिये मोटापा गंभीर शारीरिक और मानसिक समस्या बन रही है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सवेक्षण-5 के अनुसार अधिकांश राज्यों-संघ राज्य क्षेत्रों में अधिक वजन या मोटापे की व्यापकता में वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर मोटापा महिलाओं में 21 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत और पुरुषों में 19 प्रतिशत से बढ़ कर 23 प्रतिशत हो गया है। केरल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, गोवा, सिक्किम, मणिपुर, दिल्ली, तमिलनाडु, पुडुचेरी, पंजाब, चंडीगढ़ और लक्षद्वीप (34-46 प्रतिशत ) में एक तिहाई से अधिक महिलाएं अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं। जबकि देश में मातृ और बाल कुपोषण और रक्ताल्पता का स्तर चिंताजनकस्तर तक पहुंचा है और इसके पीढ़ी दर पीढ़ी चले आ रहे चक्र को तोड़ने की आवश्यकता है।

अधिक वजन होने या मोटापा होने से जोड़ों और कार्टिलेज पर



राष्ट्रीय स्तर पर मोटापा महिलाओं में 21 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत और पुरुषों में 19 प्रतिशत से बढ़ कर 23 प्रतिशत हो गया है। केरल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, आंध्र प्रदेश, गोवा, सिक्किम, मणिपुर, दिल्ली, तमिलनाडु, पुडुचेरी, पंजाब, चंडीगढ़ और लक्षद्वीप (34-46 प्रतिशत ) में एक तिहाई से अधिक महिलाएं अधिक वजन या मोटापे से ग्रस्त हैं।

अतिरिक्त दबाव आता है, जिससे ऑस्टियोआर्थराइटिस होने का खतरा बढ़ सकता है. मोटे लोगों को मेटाबोलिक सिंड्रोम के कारण कई शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं, जो हृदय रोग, मधुमेह और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ा सकता है। इसे अल्जाइमर रोग जैसे तंत्रिका संबंधी रोगों के कारक के रूप में भी शामिल किया गया है।

मोटापा बढ़ने का सबसे मुख्य कारण है लम्बे समय तक जितनी कैलोरी आप रोज खाते हैं, उससे कम दैनिक गतिविधि और व्यायाम में बर्न करते हैं। समय के साथ, ये अतिरिक्त कैलोरी जमा हो जाती हैं और वजन बढ़ने का कारण बनती हैं। लेकिन इनके अलावा भी मोटापे के कुछ अन्य कारण हो सकते हैं।

शोधपत्र के अनुसार दक्षिण में मोटापे की समस्या उच्चतम 46.51प्रतिशत और पूर्वोत्तर में सबसे कम 32.96प्रतिशत पाई गई। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में मोटापा पाया गया।

### मोटापे की व्यापकता 40.3 प्र.श. तक होने का दावा

इंडियन एकैडमी ऑफ न्यूरो साइंस के जर्नल ''एनल्स ऑफ न्यूरोसाइंस'' में मई 2021 में छपे मुरली बैंकटराव आदि के शोध पत्र के अनुसार यद्यपि भारत में ओबेसिटी या मोटापे का अब तक कोई सटीक अनुमान उपलब्ध नहीं है। फिर भी शोधार्थियों ने देशभर से 1,00,531 वयस्कों के नमूनों के आधार पर निष्कर्स निकाला भारत में मोटापे की व्यापकता 40.3प्रतिशत है। यह व्यपाकता एक समान नहीं है। शोधपत्र के अनुसार दक्षिण में मोटापे की समस्या उच्चतम 46.51प्रतिशत और पूर्वोत्तर में सबसे कम 32.96प्रतिशत पाई गई। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में मोटापा पाया गया। महिलाओं में 41.88 प्रतिशत तथा पुरुषों में 38.67प्रतिशत पाया गया। ग्रामीण क्षेत्र में 36.08 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में 44.17 प्रतिशत पाया गया। और 40 से कम (45.81प्रतिशत के मुकाबले 34.58 प्रतिशत) की तुलना में अधिक अधिक शिक्षित लोगों में 44.6 प्रतिशत और अशिक्षित में 38 प्रतिशत पाया गया।

जयसिंह रावत

# मिला जुला

## यूक्रेन में युद्ध से घटती आपूर्ति से प्रभावित देशों को गेहूं भेजना जारी

## दुनिया में कितनी है पीएम मोदी की विश्वसनीयता, समझिए कैसे यह गेहूं से तय होने जा रहा

नई दिल्ली। खाद्य सुरक्षा का बढ़ता खतरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पहेली में धकेलने को तैयार है। यूक्रेन में युद्ध से घटती आपूर्ति से प्रभावित देशों को गेहूं भेजना जारी रखें या उच्च मुद्रास्फीति को रोकने के लिए घर पर इसका भंडारण करें।

भीषण गर्मी ने दक्षिण एशियाई देशों में गेहूं की पैदावार को नुकसान पहुंचाया है, जिससे



सरकार को निर्यात प्रतिबंधों पर विचार करना पड़ा है।

खाद्य मंत्रालय ने कहा कि उसे अभी तक गेहूं के निर्यात को नियंत्रित करने का कोई मामला नहीं दिखता है, यह एक ऐसा सवाल है जो आगे भी उठेगा और पीएम मोदी व उनकी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के लिए राजनीतिक प्रभाव डालेगा।

### पीएम मोदी के सामने है यह दुविधा

पीएम मोदी के सामने एक भरोसेमंद वैश्विक नेता के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत करने का सवाल है। साथ ही उन्हें रिकॉर्ड-उच्च मुद्रास्फीति के बारे में घरेलू स्तर पर निराशा को भी देखना है। यह ऐसा मुद्दा जिसने पिछली सरकार को गिरा दिया और सत्ता में उनके उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया।

### मोदी ने गेहूं की आपूर्ति, भंडार, निर्यात की समीक्षा की

पीएम मोदी ने बीते गुरुवार को गेहूं की आपूर्ति, भंडार और निर्यात की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने गुणवत्ता मानदंडों और मानकों को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए, ताकि भारत को खाद्यान्न और अन्य कृषि उत्पादों के पक्के स्रोत के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि जब भी मानवता पर संकट आता है तो भारत समाधान लेकर आता है।

### भारत को गेहूं का स्थायी निर्यातक बनने की उम्मीद

दुनिया के शीर्ष खरीदार मिस्र ने हाल ही में भारत को गेहूं के आयात के स्रोत के रूप में मंजूरी दी है। पिछले महीने खाद्य और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत गेहूं का एक स्थायी निर्यातक बनने की उम्मीद करता है, जो इस साल 15 मिलियन टन शिपिंग करेगा, जबकि 2021-22 में यह लगभग 7.2 मिलियन था।

गोयल ने कहा कि अधिकारी नियमों में ढील देने के लिए विश्व व्यापार संगठन पर जोर दे रहे हैं ताकि भारत राज्य के भंडार से निर्यात कर सके।

## अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए भगवंत मान से मिलेंगे नवजोत सिद्धू



**चंडीगढ़ः** ट्वीट कर सिद्धू ने बताया कि वह राज्य के आर्थिक पुनरुद्धार पर चर्चा के लिए मान से मुलाकात करेंगे। उनका कहना है कि पंजाब का फिर से ढर्रे पर लाने का काम केवल एक ईमानदार सामूहिक प्रयास से ही संभव है। नवजोत सिंह सिद्धू कब और किधर पलटी मार दें कोई नहीं बता सकता। उनकी इस आदत से कांग्रेस नेतृत्व तक आजिज आ गया था। तभी उन्हें PPCC चीफ की कुर्सी से हाथ धोना पड़ा। एक दिन पहले तक वो बीजेपी नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा की गिरफ्तारी को लेकर भगवंत मान और केजरीवाल पर निशाना साध रहे थे।

## एक नजर

### शाहीन बाग में दंगा कराना चाहते हैं भाजपा नेता



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम के बुलडोजर पहुंचे हैं और इसे लेकर हाईवोल्टेज ड्रामा शुरू हो चुका है। बड़ी संख्या में लोग मुख्य सड़क को जाम करके खड़े हैं और बुलडोजरों के आगे आ गए हैं। इस बीच लोगों को हटाने के लिए फोर्स भी बड़ी संख्या में तैनात की गई है। पुलिस प्रशासन लोगों को समझाने में जुटा है कि अतिक्रमण को हटाने के अलावा कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। लेकिन माहौल गर्मा गया है और आम आदमी पार्टी के स्थानीय पार्षद वाजिद खान ने भाजपा पर दंगे की साजिश का आरोप लगाया है। वाजिद खान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह मुख्य रोड पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आता है। इसे रोड नंबर 13 बोलते हैं। भाजपा ने यहां विकास के लिए कुछ नहीं किया है, लेकिन चुनाव टलने के बाद राजनीति को चमकाने के लिए अतिक्रमण हटाने के नाम पर ऐसा किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के नेता वाजिद खान ने कहा कि भाजपा के नेता चाहते हैं कि शाहीन बाग में दंगा हो जाए। मौके पर आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान भी पहुंचे हैं और बुलडोजर चलाने की कार्रवाई का विरोध किया है। फिलहाल पुलिस प्रशासन मौके से नेताओं और लोगों को हटाने में जुटा है। एमसीडी के अधिकारियों ने कहा कि लोगों ने भी स्ट्रक्चर अपने दायरे से बाहर बना रखा है, उसे हटाया जाएगा।

## हिमाचल ने सील की सभी अंतर्राज्यीय सीमाएं

**हिमाचल।** हिमाचल की भाजपा सरकार ने सभी अंतर्राज्यीय सीमाएं सील कर दी हैं. इसके साथ पुलिस विभाग को चेकिंग करने के आदेश दिए हैं. डीजीपी की ओर से कहा गया है कि राज्य में आने वाले प्रत्येक वाहन की सघन जांच की जाए. इसके साथ ही रात्रि गश्त भी तेज कर दिया गया है. बता दें कि एक दिन पहले धर्मशाला में विधानसभा के गेट पर खालिस्तानी फ्लैग लटके मिलने के बाद सरकार अलर्ट मोड में आ गई है. विधानसभा परिसर के गेट और चारदीवारी पर खालिस्तान समर्थक चित्र भी बनाए गए थे. उसके बाद से अंतरराज्यीय सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी है. हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू ने जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किए और कहा है कि राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच



### खालिस्तानी फ्लैग लगाए जाने के बाद अलर्ट

सुनिश्चित की जाए. बिना जांच के कोई वाहन राज्य की सीमा में प्रवेश ना कर पाए. पुलिस विभाग को भेजे संदेश में कहा- पड़ोसी राज्यों में खालिस्तानी तत्वों की घटनाएं सामने आई हैं. इसके अलावा, 11 अप्रैल को ऊना जिले में खालिस्तानी बैनर बांधने का मामला सामने आया था. डीजीपी ने कहा कि हाल ही में विधानसभा के बाहर खालिस्तान के बैनर लगाने की घटना सामने आई है. साथ ही आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (SFJ) ने हिमाचल प्रदेश में खालिस्तान जनमत संग्रह के लिए 6 जून 2022 को मतदान तिथि की घोषणा की है.

केंद्र का बड़ा फैसला

## देशद्रोह कानून पर होगा पुनर्विचार, सुप्रीम कोर्ट से की यह अपील

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में बड़ी बात कही है। केंद्र ने कहा कि उसने देशद्रोह कानून के प्रावधानों पर पुनर्विचार करने और जांच का फैसला लिया है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि इस मामले पर सुनवाई तब तक न की जाए जब तक सरकार जांच न कर ले। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए गए हलफनामे में केंद्र सरकार ने कहा है कि देशद्रोह पर भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 124 की वैधता की जांच और पुनर्विचार किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण में जब कि



देश की आजादी के 75 साल पूरे हो रहे हैं, गुलामी के समय में बने देशद्रोह के कानून पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। इसमें कहा गया है, देशद्रोह कानून को लेकर जताई जाने वाली आपत्ति का भारत सरकार को ज्ञान है। कई बार मानवाधिकार को लेकर भी सवाल उठाए चजाते हैं। हालांकि इसका उद्देश्य देश की संप्रभुता और अखंडता को अक्षुण्य रखना होना चाहिए। एफिडेविट में आगे कहा गया, अब समय आ गया है कि आईपीसी की धारा 124 के प्रावधानों पर पुनर्विचार किया जाए।

## भारत से रूस तक बनाई रोड, लाल सेना की बचाई जान

**मास्को/नई दिल्ली।** दूसरे विश्वयुद्ध में हिटलर की नाजी सेना के खिलाफ कई वर्षों तक चली भीषण जंग में सोवियत संघ के शानदार जीत पर रूस आज विजय दिवस मना रहा है। रूस के करीब 11 हजार सैनिक राजधानी मास्को में विक्ट्री डे परेड में हिस्सा लेंगे। यह परेड ऐसे समय पर हो रही है जब यूक्रेन की जंग में सोवियत संघ



का उत्तराधिकारी रूस बुरी तरह से फंसा हुआ है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रण किया है कि वह यूक्रेन की सेना को भी हिटलर की तरह से पराजित करके ही दम लेंगे। दूसरे विश्वयुद्ध में सोवियत संघ की सेना भी यूक्रेन की जंग की तरह से ही फंसी हुई थी और जर्मन तानाशाह हिटलर के भीषण हमलों से कराह रही थी।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क भ्रष्टाचार की चढ़ी भेंट

## सड़क बनाने के नाम से अनियमितताएं छः करोड़ रुपए की लागत से बन रही नाली एवं सड़क

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

जिले के साजा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत भनौरा और ठेलका डोगीतराई में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जा रही सीसी रोड और नाली जिसमे कई अनियमितताएं बरती जा रही हैं।



जी हां बता दे की ग्रामीणों में आक्रोश ठेकेदार के दुर्व्यवहार और घटिया काम को लेकर मीडिया से लगाई गुहार मटेरियल में ठेकेदार की लीपापोती से ग्रामीण यह मान रहे हैं कि इस तरह से काम किया गया तो रोड पूरे पांच साल नहीं टिक पाएगी। क्योंकि रोड और नाली कार्य प्रारंभ की तिथि 15 मई 2020 था कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि 14 जनवरी 2022 है लेकिन 2 साल बीत जाने के बाद भी कार्य अभी आधा तक पूर्ण नहीं हुआ है और ग्राम भनौरा में घटिया नाली निर्माण वह भी आधा अधूरा किगई है जो पूरी तरह से टूट चुकी है ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे कभी भी अप्रिय घटना होने की संभावना बनी हुई है। वही गांव के पंच और सरपंच ने बताए कि गांव में कई बार बच्चे खेलते-खेलते नाली में तक गिर चुके हैं और काफी चोट आई हुई थी और तो और गांव में स्वास्थ्य केंद्र भी नहीं है बच्चे को साजा स्वास्थ्य केंद्र लेजाना पड़ा था! हालांकि अभी तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है मामले की जानकारी ठेकेदार को दी गई थी। लेकिन उसका कहना है कि मुझे क्या करना तुम गांव वाले कौन होते हो मैं जब चाहूं काम करूं या ना करूं बिना बॉल्डर और कुटाई के साथ करोड़ों रुपए की लागत से रोड का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे यह सड़क गारंटी पीरियड तक नहीं चल सकेगी।



करोड़ों से होगा निर्माण ठेलका से भनौरा से डोगीतराई तक करीब छह करोड़ रुपए की लागत से इस रोड और नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। हालांकि अभी रोड का काम 5 साल की रहती है गारंटी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जाने वाली सड़क की निर्माण कंपनी पांच साल की गारंटी देती है। जिसके बाद ही संबंधित ठेकेदार को लागत राशि आवंटित की जाती है। लेकिन देखा गया है कि क्षेत्र में कई गांवों में इस प्रकार की सड़कें बनाई जा रही हैं, जिनमें गुणवत्ता का ठीक से ध्यान नहीं रखा गया है। लेकिन ठेकेदार विभाग के अधिकारियों व इंजीनियरों से मिलकर सड़कों को पास करा लेते हैं। मिट्टी के ऊपर सीधे मटेरियल डालकर रोड का निर्माण शुरू करा दिया जाता है। जबकि एस्टीमेट के अनुसार पहले मिट्टी पर छिड़काव करके बेस तैयार किया जाएगा। फिर बॉल्डर, गिट्टी डालकर कुटाई की जाएगी। इसके बाद ही रोड पर सीसी का काम किया जाना है। मगर इन सभी को ध्यान में नहीं रखते हुए अनियमितता के साथ कार्य किया जा रहा है। तो अधिकारियों को सड़क की जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। ठेकेदार का कहना था कि लॉक डाउन होने के कारण और मटेरियल में बढ़ोतरी के कारण कार्य नहीं होपाया है। और जगह-जगह पानी की जमाव होने के कारण कार्य में समय लगा लेकिन अब एक माह के भीतर कार्य पूर्ण हो जाएगा अब देखना होगा कि खबर चलने के बाद क्या 1 माह के भीतर ठेकेदार काम पूर्ण कर पाती है या नहीं।

## एक नजर

सफलता की कहानी

### जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला में अब तक 402 पारा, महोहल्ले एवं टोलों में सोलर ड्यूल पंप किया गया स्थापित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला में अब तक 172 ग्राम पंचायतों के कुल 402 पारा, महोहल्ले एवं टोलों में पेयजल हेतु सोलर ड्यूल पंप की स्थापना की जा रही है। यह योजना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं क्रेडा विभाग द्वारा लगाया जाता है। इस योजना के द्वारा प्रति संयंत्र से 40-50 परिवारों को शुद्ध पेयजल उनके घरों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। ताकि ग्रामों में निवास कर रहे परिवारों को पानी की समस्या दूर हो तथा उन्हे शुद्ध पेयजल प्राप्त हो सके। इसी कड़ी में मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ओरडीह के मेनबस्ती में जल जीवन मिशन आंतर्गत 48 परिवारों को शुद्ध पेयजल दिया जा रहा है। अब परिवारों की पेयजल की समस्या दूर हो गई और उन्हें शुद्ध पेयजल मिल रहा है।

### पुलिस जवान संदीप साहू ने जरूरतमंदों के लिए शीतल पेयजल की खोली प्याऊ

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



बदलते जमाने के साथ लोगो की जरूरते भी बदलने लगी है। पहले लोग जगह-जगह प्याऊ घर खोलते थे नगर पालिका का शहर बेमेतरा में एक भी प्याऊ घर नहीं खुला था। लोग पानी के लिए भटक रहे थे। गला तर करने पानी खरीदकर पीना पड़ रहा था। समाजसेवी संस्थाओं के स्थाई प्याऊ बंद पड़े हैं। गर्मी शुरू होते ही लोगों के कंठ सूखने लगे हैं। शुरूआत में ही पड़ रही तेज गर्मी से लोगों की प्यास बढ़ गई है। गर्मी में अक्सर सड़क किनारे के प्याऊ ही लोगों का सहारा बनते हैं। नगर पालिका ने अब तक शहर में प्याऊ खोलने की योजना भी नहीं बनाई है। ऐसे में बेमेतरा सिटी कोतवाली के सामने जरूरतमंदों के लिए शहर में इस वर्ष पहला प्याऊ घर खोला गया है। इन दिनों गर्मी के चलते राहगीरों को पानी की काफी समस्या हो रही थी इसे देखते हुए बेमेतरा के पुलिस जवान संदीप साहू के मार्गदर्शन में समाज सेविकाओं ने मिलकर प्याऊ घर की व्यवस्था की वही प्रथम दिन में ही एक भिक्छुक दिव्यांग जो पानी के लिए भटक रहा था उसे संदीप साहू ने बुलाकर अपने हाथों से मीठी शरबत पिलाई देखा जाए तो पानी की किल्लत बढ़ी हुई है। राहगीरों को मिलेगी अब निजात।

### पोड़ीबहार तालाब की सफाई में वार्ड पार्षद ने साथियों के साथ किया श्रमदान

**कोरबा** । नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार स्थित तालाब की सफाई के कार्य में वार्ड पार्षद व मेयर इन काउंसिल सदस्य प्रदीपराय जायसवाल ने अपने साथियों एवं वार्डवासियों के साथ श्रमदान दिया तथा तालाब की सफाई का कार्य किया। तालाबों कें संरक्षण एवं उनकी स्वच्छता की दिशा में प्रशंसनीय पहल करते हुए पार्षद श्री जायसवाल ने स्वप्रेरणा से पोड़ीबहार तालाब की साफ-सफाई की, जो प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी एवं उनके स्टाफ के साथ ही वार्ड के युवागण राजू गोड़, दिनेश कुमार, किशन केंवट, कमलेश बंजारे, टुकेश जांगड़े, लकेश्वर चौहान, धनंजय चौहान, अनुप कुमार, राकेश कुमार, भरतलाल, राजकुमार, बद्रीप्रसाद, निरंजन, राजू कुमार, सचिन कुमार, गोपाल, कोको कुमार आदि के साथ अन्य युवाओं ने अपना श्रमदान देकर साफ-सफाई का कार्य किया।

## माता-पिता के ऋण से कभी मुक्त नही हो सकती संताने-डॉ. रश्मि सोनकर

लायंस वृद्धाश्रम में मातृ दिवस मनाया प्रबल स्त्री फाऊंडेशन ने

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



धरती में जीवन प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण जन्मदाता का जीवन होता है। माता-पिता के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। ऐसे मे जो व्यक्ति आपको इस पृथ्वी पर लाते हैं। उनका कर्ज हम पूरा नहीं कर सकतेए दुर्भाग्य जनक बात है वर्तमान परिस्थिति मे सैटल हो जाने के बाद बेटे बेटियां अपने वृद्ध माता पिता को किनारे कर देते है, ये सबसे बड़ी सामाजिक विसंगति है। इस पर सारे समाज को चिंतन करने की आवश्यकता है। हमारे जीवन के प्रारंभ होने से हमारे सक्षम होने तक माता-पिता के अतुलनीय मेहनत का योगदान होता है, जिसे किसी भी स्तिथि मे भुलाया जाना निंदनीय है। एक ओर हम अपने समाज के तरक्की की बात करते है, इस समाज की आधारशिला रखने वाले मातापिता के संबंधों को सबसे पहले दरकिनार कर देते है। प्रबल स्त्री फाऊंडेशन ऐसे सभी माता-पिता जो अपने संतानों से वंचित है उनके सहयोग और उनके सेवा के लिए सदा तत्पर है। उक्त आशय से प्रबल स्त्री फाऊंडेशन की अध्यक्ष डॉ रश्मि सोनकर लायंस वृद्धाश्रम मनेंद्रगढ़ मे मातृ दिवस का कार्यक्रम सभी बुजुर्गो के साथ बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। और समाज के सभी वर्ग से आशा की है कि भारतीय संस्कृति में माता-पिता देवतुल्य है उनका सम्मान हमारा धर्म और कर्तव्य है। सभी सदस्यों ने अपने अपने इच्छानुसार खाने का समान, फल और साड़ी भेंट की, कार्यक्रम में सबसे पहले बुजुर्गों के पैर धोकर, आरती व पुष्पवर्षा का कार्यक्रम हुआ, इस बीच सभी बुजुर्गो ने अपने आशीर्वाद वचन मे सभी को धन्यवाद कहाद्य कार्यक्रम में डॉ रश्मि सोनकर, शीला सिंह, प्रतिमा प्रसाद, जया कर, महेश्वरी सिंह, मीनु सिंह, सुनिता नेताम, सविता बुनकरए सविता गुप्ता, नेहा कोठारी, रुबी लाल, अनिता मिश्रा, आकाश दुआ, गौरव मिश्रा, विवेक तिवारी मौजूद रहे व कार्यक्रम को सफल बनाया।

## आयुक्त ने आदेश जारी कर भवन निर्माण अनुमति विभाग में किया फेरबदल

अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ला बनाए गए निगम के भवन अधिकारी, बदले गए शाखा के इंजीनियर व लिपिक

**कोरबा** । आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने आदेश जारी कर नगर पालिक निगम कोरबा के भवन निर्माण अनुमति विभाग में बड़ा फेरबदल किया है, प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत कार्यपालन अभियंता अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ला को भवन अधिकारी का प्रभार सौपा गया है, वहीं कार्यपालन अभियंता एम.एन.सरकार को भवन अधिकारी के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। इस प्रकार कार्यपालन अभियंता अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ला अब निगम के नए भवन अधिकारी होंगे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने एक अन्य आदेश में भवन निर्माण अनुमति शाखा में पदस्थ इंजीनियर व लिपिकीय कार्य देख रहे कर्मचारियों में भी बदलाव किया है। हृदयराम बघेल सहायक अभियंता अब अपने कार्यो के साथ-साथ भवन निर्माण अनुमति शाखा के कार्य को देखेंगे, वहीं श्रीमती गुलिस्ता साहू उप अभियंता को भवन निर्माण अनुमति शाखा से स्थानांतरित कर कोरबा जोन में पदस्थ किया गया है। अरविंद वानखेड़े सहायक ग्रेड-02 को स्थापना शाखा से भवन निर्माण अनुमति शाखा में लाया गया है, वहीं कम्प्यूटर आपरेटर अजय शुक्ला को भवन निर्माण अनुमति शाखा से स्थानांतरित कर स्थापना शाखा में पदस्थ किया गया है, साथ ही भवन निर्माण अनुमति शाखा में कार्य कर रहे स्वच्छता पर्यवेक्षक शैलेन्द्र नामदेव को स्वच्छता शाखा कोरबा जोन में स्थानांतरित किया गया है।

## सहकारी समितियों में अनाधिकृत रूप से झाइम खाद की बिक्री से किसानों में नाराजगी

**क्षेत्र के किसानों ने किसान नेता योगेश तिवारी से शिकायत कर विरोध में आवाज बुलंद करने की रखी मांग**

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



जिले की सहकारी समितियों में अमानक व अनाधिकृत रूप से झाइम खाद के बिक्री की लगातार शिकायत मिल रही है। कृषि विभाग की कार्रवाई के बावजूद अनाधिकृत खाद की बिक्री जारी है। उल्लेखनीय है कि जिला सहकारी समितियों में मार्कफेड से खाद और बीज निगम से आपूर्ति किए गए बीज की अधिकृत रूप से बिक्री की जाती है। लेकिन जिले के लगभग सभी समितियों में झाइम खाद की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। इस सम्बंध में बेमेतरा विधानसभा के किसानों ने किसान नेता योगेश तिवारी से शिकायत कर निराकरण की मांग की है। किसान नेता ने कहा कि कृषि विभाग की ओर से जिन समितियों में कार्रवाई की गई है। वहां खाद को लेकर समितियों के पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिले हैं। किसानों को अमानक खाद खपाई जा रही है। सहकारी समितियों में झाइम खाद की बिक्री पर तुरंत रोक लगाने किसान नेता योगेश तिवारी क्षेत्र के किसानों के साथ कृषि अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपेंगे।

### कृषि विभाग ने 3 समितियों से 1500 बाल्टी झाइम खाद की जप्त

किसान नेता ने कहा कि अनाधिकृत रूप से खाद बेचने का काम समितियों में किया जा रहा है। कृषि विभाग की टीम ने सेवा सहकारी समिति चंदनूए खंडसरा और उमरिया में में अनाधिकृत रूप से बेची जा रही झाइम खाद की लगभग 1500 बाल्टी खाद जब्त किया है। जैविक खाद के नाम पर किसानों को अन्य खाद भी दिया जा रहा है। इसे लेकर किसानों में खासी नाराजगी है। समिति चंदनू और खंडसरा में ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर जब औचक निरीक्षण किया गया। जिसमे किसानों की शिकायत सही मिली। कोमल साहू ग्राम नेवनारा, देवकुमार साहू ग्राम कुसमी, रघुवीर साहू ग्राम आंदु, दिलरहण सिन्हा नवागांव ने बताया कि क्षेत्र के किसानों को सेवा सहकारी समितियों में किसानों को जबरदस्ती झाइम खाद थमाया जा रहा है। इसके लिए किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है। वही इस खाद की रसीद भी नहीं दी जा रही है। स्पष्ट है कि झाइम खाद को अनाधिकृत रूप से बेचा जा रहा है। लगातार शिकायत के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से अवैध कृत्य कर रहे हैंए कर्मियों के हौसले बुलंद हैं।

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर

## लाटरी के माध्यम से 40 विद्यार्थी हुए चयनित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर में कक्षा पहली के 40 सीट में प्रवेश हेतु आवेदन मंगा थे। जिला शिक्षा अधिकारी जेके प्रसाद की अध्यक्षता में गठित चयन समिति एवं पालकों की उपस्थिति में आज कक्षा पहली में प्रवेश हेतु लाटरी ड्रा किया गया। लाटरी ड्रा में के समय आवेदित लगभग सभी पालक उपस्थित थे। प्रवेश हेतु सभी पालकों में उत्साह देखा गया और लाटरी में अपने बच्चों के नाम आने से बहुत ही उत्साहित दिखे। प्रवेश के लिए शासन के द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन किया गया।


स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एडमिशन हेतु आवेदन ऑफलाईन तथा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुसार महतारी दुलार योजना अंतर्गत कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया गया। कक्षा 1 में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया गया। बीपीएल एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरूध्द प्रवेश दिया गया। कुल रिक्त पदों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का प्रवेश लाटरी सिस्टम से दिया गया। उपर्युक्त सभी वर्गों से अधिक संख्या में आवेदन आने से सभी वर्ग हेतु लाटरी से ही चयन किया गया। चयनित छात्र-छात्राओं की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। कक्षा 2 से 12 तक बढ़े हुए सीटों का प्रवेश फार्म 9 मई से 20 मई तक दिया जाएगा।



## कांग्रेस चुनावी वायदे से न मुकरे,छत्तीसगढ़ बिजली ठेका कर्मचारी कल्याण संघ का अनुरोध

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

छ.ग. विद्युत ठेका कर्मचारी कल्याण संघ कांग्रेस सरकार के जन घोषणा पत्र के वादे को पूरा करने का आग्रह और निवेदन करता है।कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में अनियमित आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मंच में आकर कहा था।




कांग्रेस को वोट दो कांग्रेस की सरकार बनाओ सरकार बनते ही 10 दिन में ठेका प्रथा बंद कर विभाग में समायोजन नियमितीकरण किया जाएगा। कांग्रेस सरकार ने अपने जन घोषणा पत्र बिंदु क्रमांक 11 और 30 में अनियमित को नियमित, ठेका प्रथा बंद कर विभाग में समायोजन करने का वादा किया था। लेकिन आज तीन साल हो गए वादे पूरा नही हुआ। डिसटीब्यूशन,ट्रांसमिशन, जनरेशन के पच्चीस हजार विद्युत विभाग के ठेका कर्मचारी नाराज और अपने आप में ठगा सा महसूस कर रहे हैं ठेका प्रथा बंद कर विभाग में समायोजन कर डायरेक्ट पेमेंट करे नियमितीकरण करे कांग्रेस सरकार जो कहती है उसे पूरा करती हैं तो क्यों नहीं हुआ ठेका प्रथा बंद कर विभाग में समायोजन नियमितीकरण का वादा पूरा भूपेश सरकार है तो भरोसा है। कब मिलेगा न्याय ठेका प्रथा जैसे गुलामी से मुक्ति, ठेकदारों द्वारा टाइम पर ना वेतन ना ईपीएफ की राशि, बोनस नहीं दिया जा रहा है वेतन काटकर डायरेक्ट शोषण कर रहे हैं। लाखो करोड़ों का टेंडर निकालकर सरकार ठेकदारों को डायरेक्ट लाभ दे रहे हैं। और ठेका कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। ठेका कर्मचारी विभाग का काम डायरेक्ट कर रहे हैं तो सरकार डायरेक्ट पेमेंट क्यों नही कर सकता। बीच में बिचौलियों को क्यों भर दिया गया है लाइन एक्सीडेंट में कई ठेका कर्मचारियों की जान गई। ना बीमा ना मुवाअजा ना अनुकंपा नियुक्ति नहीं दिया जाता है। ठेका कर्मचारियों की जान की कोई कीमत नहीं है। कई बार शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर सरकार को वादा याद दिलाया लेकिन आज तक पूरा नहीं हुआ सरकार ठेका कर्मचारी की मांगे और वादे को पूरा करे। विद्युत ठेका कर्मचारी कल्याण संघ महामंत्री जितेंद्र कुमार साहू, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष नोहर टंडन, चुम्मन साहू,जिला अध्यक्ष किशन लाल साहू, ऋ षि निषाद, टीकाराम ठाकुर आदि पच्चीस हजार विद्युत ठेका कर्मचारी सरकार से मांग पूरा करने का आग्रह और निवेदन करता है।


# घनी आबादी के बीच जीबीटी मोबाइल टावर, विरोध में उतरे वार्डवासी

## उदासीनता के विरुद्ध जनता आंदोलन के मूड में

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुन्द्र।

स्थानीय वार्ड क्रमांक 06 में दिलीप सिंह जूदेव टाउन हाल के पीछे रिलायंस जियो इन्फ्राटेल लिमिटेड द्वारा जीबी टी. मोबाइल टावर लगाने का कार्य वार्डवासियों के पुरजोर विरोध के बाद भी प्रगति पर है। मना करने पर कार्य ठेकेदार द्वारा विरोधकर्ता वार्डवासियों को ही झूठे केस में फंसवा देने की धमकी ही जा रही है।




प्रति,
श्रीमान कलेक्टर महोदय,
जिला महासमुन्द (छ.ग.)

विषयः- जियो कम्पनी के टॉवर लगाने में आपत्ति करने बाबत्।

महोदय,
उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हम समस्त मोहल्लेबासी वार्ड नं. 06 दिलीप सिंह जुदेव टाउन हॉल के पास नयापारा महासमुन्द, तहसील व जिला महासमुन्द छ.ग. के निवासी है। हमारे मोहल्ले में टाऊन हॉल के सामने स्थित सिन्हाजी की भूमि में जियो कंपनी का टॉवर लगाया जा रहा है। जबकि वो क्षेत्र हमारे वार्ड के बीचों बीच स्थित है तथा आबादी क्षेत्र है। जिसके कारण उक्त स्थान पर जियो कंपनी का टॉवर लगने से टावर से निकलने वाली रेडियशन से हम वार्डवासियों के स्वास्थ्य में भी बूरा असर हो सकता है।

अतः महोदय से निवेदन है कि हमारी आपत्ति को स्वीकार कर उक्त जियो कंपनी का टॉवर को वहां से हटाकर आबादी से दूर किसी अन्य स्थान पर लगाने की कृपा करें।

सधन्यवाद!

दिनांकः

प्रतिलिपिः-
1. श्रीमान तहसीलदार महोदय महासमुन्द छ.ग.
2. श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द छ.ग.
3. श्रीमान नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद महासमुन्द छ.ग.
4. श्रीमान थाना प्रभारी महासमुन्द

आवेदक गण
समस्त वार्डवासी
वार्ड नं. 06 दिलीप सिंह जुदेव
टाऊन हॉल के पास नयापारा महासमुन्द

दिनांक 5/5/22

बाद वार्ड 09 के रेलवे कालोनी में इसे स्थापित करने का प्रयास भी नागरिकों के तीव्र विरोध से संभव नहीं हो पाया। तीसरी कोशिश में यह टावर वार्ड नं.10 में पूर्व पार्षद शकील खान के मकान की छत पर लगाया जाना लगभग तय था। लेकिन यहां भी वार्डवासी विरोध में उतर आये तो अब पुनः इसे वार्ड न 6 में ही परिवर्तित स्थान पर लगाने जाने युद्ध स्तरीय प्रयास किया जा रहा है। जबकि यहां के नागरिक भी बीते दो माह से मोबाईल टावर लगाने से मना कर रहे हैं। सभी के स्वास्थ्य पर प्रतिभूत प्रभाव पढ़ने की चिंता है। बीते 5 मई को भी विधायक सहित कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, थाना प्रभारी और नगर पालिका परिषद आपत्ति पत्र पत्र प्रस्तुत कर मोबाईल कम्पनी को प्रदाय अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त किये जाने की लिखित मांग की गई थी जिस पर उचित कार्यवाही का मौखिक दिया गया था। लेकिन यथार्थ में कोई कार्यवाहीं नहीं हुई और आज जब स्ट्रक्चर खड़ी करने ढलाई कार्य की शुरुवात हुई तो ठेकेदार फिर अडियल पना दिखाते वार्डवासियों को धमकाने लगा। इसके बाद मुहल्ले वाले भी लामबंद हो गये। सोमवार को विधायक विनोद चंद्राकर से भी मिले और निर्माण पर आपत्ति दर्ज कराई। वार्डवासियों की शिकायत पर कार्यवाही ना होने से वे आंदोलन के मूड में है। संभवत वार्डवासी कल मंगलवार से निर्माण स्थल पर आंदोलन कर सकते हैं। वार्डवासी में इमरान कुरैशी, सुरेश चौहान, बादल बंजारे, कमला महिलांग नीलम महिलांग, प्रियंका निराला सहित अन्य का कहना है किए जब उनके द्वारा विरोध किया जा रहा है और इसकी शिकायत प्रशासन से की गई है तो मामले के निराकरण होने तक निर्माण कार्य रोक देना चाहिए। उनका कहना है कि निर्माण बंद नहीं होने की स्थिति में वे मंगलवार से आंदोलन के लिए मजबूर है।



जिससे नाराज वार्डवासियों ने आज 09 मई को पुनः संसदीय सचिव सहित जिला प्रशासन से शिकायत करते हुये मोबाईल का काम न रुकने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। ज्ञातव्य है किए उक्त मोबाइल टावर दो साल पहले वार्ड 6 में ही धीरज सरफ राज के मकान के पीछे नेतराम देवांगन की जमीन पर लगाया जा रहा था। जिसे नागरिक विरोध के बाद स्थगित कर दिया गया था। इसके

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

## एक नजर

### अपना बूथ सबसे मजबूत के तहत जनसम्पर्क

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।




भाजपा संगठन द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे के जन्मशताब्दी वर्ष में चलाए जा रहे अपना बूथ सबसे मजबूत अभियान के अंतर्गत भाजपा ग्रामीण मण्डल महासमुन्द लोहारडीह शक्तिकेन्द्र के ग्राम सिंघी,लोहरगांव,और नायक बांधा में समयदानी विस्तारक पार्षद मीना वर्मा, शहर मण्डल मंत्री महेंद्र सिका, पार्षद हफीज कुरैशी ने शक्तिकेन्द्र के प्रभारी हेमलाल चंद्राकर,संयोजक कृष्णकुमार पटेल,सह संयोजक भगतराम निषाद,शोसल मीडिया विस्तारक बलदाऊ निर्मलकर की उपस्थिति में बूथ अध्यक्ष, पालक सहित बूथसमिति के सदस्यों की बैठक लेते हुए बूथों से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियों की समीक्षा की गई।

### बारंगाव की उभरती खिलाड़ी डाली का नेशनल हाकी प्रतियोगिता के लिए राज्य की टीम में हुआ चयन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

कम संसाधनों के बावजूद बेमेतरा विधानसभा के ग्राम बारंगाव की उभरती खिलाड़ी डाली निषाद का राष्ट्रीय सब जूनियर हाकी प्रतियोगिता के लिए राज्य की टीम में चयन हुआ है। अपने खेल के दम पर डाली गांव और जिला का नाम रोशन कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि 11 से 22 मई तक हॉकी इंडिया 12वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर बालिका राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन इंफाल मणिपुर में हो रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए डाली का सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य की हॉकी टीम के लिए चयन हुआ है। डाली ने बताया कि उसे हॉकी खेलने का बेहद शौक है और देश के लिए हॉकी खेलकर अपने परिवार और राज्य दोनों का नाम रोशन करना चाहती हैं। बारगांव में पीटीआई टीचर तुलसी साहू के आने के बाद स्टूडेंट सुबह शाम प्रेक्टिस करते थे। सबसे पहले एक हफ्ता कैंप राजनांदगांव में था। जहां खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। डाली ने अपने चयन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अपनी टीम की जीत के लिए जीजान से खेलेंगी। गांव की बालिका का नेशनल प्रतियोगिता के लिए राज्य की टीम में चयन होने पर हर्ष जाहिर करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शुभम वर्मा और जनपद अध्यक्ष हीराबाई वर्मा ने कहा कि कम संसाधन के बावजूद डाली का चयन गांव समेत बेरला ब्लाक के अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। डाली ने अपनी मेहनत और संघर्ष की बदौलत खेल प्रशिक्षक तुलसी साहू के मार्गदर्शन में राज्य की टीम में जगह बनाने में सफलता पाई है। डाली का चयन जिले के लिए गौरव की बात है।



### अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

**नगरी ।** कुशाभाऊ ठाकरे कार्य विस्तार के अपना बूथ सबसे मजबूत के तहत नगरी मंडल के शक्ति केंद्र अमाली ग्राम अमाली बूथ क्रमांक 158 में दस दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का रुपरेखा तैयार किया गया। जिसमें शक्ति केंद्र प्रभारी गुरु प्रसाद साहू, बूथ अध्यक्ष दीनदयाल सेन, पूर्व सरपंच अमर सिंह ध्रुव, आशीष नाग, पेमन साहू,चम्मन नाग, राजाराम ध्रुव,बेनू राम ध्रुव उपस्थित हुए।

## महापौर ने किया आमजन से अपील सरकार तुहर द्वार शिविर का उठाएं लाभ

11 मई को साड़ा कन्या स्कूल टी.पी.नगर में वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 16 तक के लिए लगेगा समाधान शिविर

**कोरबा ।** महापौर राजकिशोर प्रसाद ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराए जाने के उद्देश्य से शासन-प्रशासन द्वारा आयोजित होने जा रहे '' सरकार तुहर द्वार '' शिविरों का लाभ उठाएं, शिविरों में पहुंचे तथा अपनी समस्याओं का निराकरण पाएं।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अपील करते हुए कहा है कि 11 मई को निगम के कोरबा व टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 16 तक के लिए समाधान शिविर का आयोजन साडा कन्या स्कूल टी.पी.नगर में किया गया है, इस शिविर में नगर पालिक निगम सहित जिले के समस्त 22 विभागों के काउंटर स्थापित होंगे, जहाँ पर संबंधित विभागों को अधिकारी कर्मचारी अपनी सेवाएं देते हुए नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित निदान करेंगे। उन्होने कहा है कि इस हेतु पूर्व से ही तैयारी की जा रही है, अधिकारी कर्मचारी घर-घर पहुंचकर लोगों से उनकी समस्याएं जान रहे हैं, उनके आवेदन ले रहे हैं, इन आवेदनों का पंजीयन करते हुए विभागों के बीच आपसी समन्वय बनाकर इनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जा रहा है, आयोजित होने वाले शिविर में निराकरण संबंधी जानकारी लोगों को दी जाएगी।

ऑनलाइन खरीदे गए 20 चाकू बरामद

## पुलिस की युवाओं और नाबालिकों पर कड़ी नजर

जोहार छत्तीसगढ़- महासमुंद।

अभी हाल के दिनों में यह देखने में आ रहा था कि लगातार चाकूबाजी की घटनाएं बढ़ रही है। जिनके संबंध में जानकारी हुई कि ऑनलाइन वेबसाइट आदि अन्य साइट के माध्यम से चाकू मंगा कर कुछ युवकों द्वारा या नाबालिगों द्वारा उसे अवैध रूप से अपने पास रख कर अपराधिक गतिविधियां की जा रही है।




इस पर नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में थाना कोतवाली व साइबर सेल की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें ऑनलाइन वेबसाइट शॉपक्लूज, स्नैपडील के माध्यम से जिनके जिनके द्वारा भी उक्त बटन की चाकू,धारदार चाकू, पेन चाकू, या अन्य प्रकार के चाकू मंगा, हैं और जिन्हें वह अवैध रूप से अपने पास रखे हैं उक्त वेबसाइट से उन सभी लोगों की जानकारी प्राप्त कर उनसे संपर्क स्थापित कर उक्त अवैध चाकू को पुलिस द्वारा अपने कब्जे में लिया गया। जिसमें विधि सम्मत कार्रवाई थाना कोतवाली में की जा रही है। पुलिस ने बताया कि अभी वर्तमान में केवल दो ही ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है फ्लिपकार्ट अमेजॉन व अन्य साईट से भी जानकारी प्राप्त कर जिले में जितने भी ऑनलाइन चाकू डिलीवरी हुई है सभी जिन्होंने उन्हें मंगवाया है उनके संबंध में जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान पुलिस अधीक्षक महासमुंद विवेक शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेम्भूरकर साहू व डीएसपी कल्पना वर्मा एके मार्गदर्शन में थाना स्टाफ व साइबर सेल टीम द्वारा की गई।

## कलेक्टर ने फरसाबहार के एसडीएम, तहसील एवं जनपद कार्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

राजस्व प्रकरणों का समय.सीमा में करें निराकरण-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़- जशपुरनगर।



**कर्मचारियों को अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के दिए निर्देश**

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आज विकासखंड फरसाबहार के एसडीएम, तहसील एवं जनपद कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कर्मचारियों को शासकीय कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने एवं अपने दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। अग्रवाल ने एसडीएम, तहसील कार्यालय के विभिन्न कक्षों, शाखाओं, रिकार्ड रूम सहित पूरे परिसर का मुआयना करते हुए राजस्व अभिलेखों एवं दस्तावेजों के रख.रखाव का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों और प्रभारी अधिकारियों को अपनी-अपनी शाखा के सभी रिकॉर्ड अद्यतन और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। राजस्व प्रकरणों का निराकरण की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सभी लंबित राजस्व प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही कार्यालय में आने वाले आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनने एवं उसका निराकरण करने के लिए कहा। जिससे आम जनता को लाभान्वित किया जा सके। इसी प्रकार जनपद कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों से उनके दायित्व एवं कार्यों की जानकारी ली। कार्यालय में ग्रामीणों के लिए आवश्यक सुविधाएं रखने एवं उनकी समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का भी जायजा लिया और परिसर को स्वच्छ रखने तथा साफ-सफाई की उचित व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व फरसाबहार मोहम्मद शबाब खान, जनपद सीईओ धनेश कुमार टेंगवार, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## बैकुंठपुर एवं खड़गवां में बाल विवाह रोकने में बाल संरक्षण इकाई को मिली सफलता

### जारी वर्ष में अब तक रोके गए 14 विवाह

जोहार छत्तीसगढ़- कोरिया।



बाल विवाह जैसी समाजिक कुरीति को रोकने के लिए जिला प्रशासन की टीम के द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अभिलाषा बेहार के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम के द्वारा विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के ग्राम कसरा एवं विकासखण्ड खड़गवां के ग्राम उधनापुर में बाल विवाह का प्रकरण संज्ञान में आने पर मौके पर पहुंच कर औचक निरीक्षण कर दोनों विवाह रोकने में सफलता पायी गई। दोनों ही मामलों में प्रमाणपत्रों का निरीक्षण करने पर बालिकाओं की आयु 18 वर्ष से कम पाए जाने पर दोनों पक्षों से निवेदन कर पंचनामा तैयार कर बाल विवाह रोका गया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी, पर्यवेक्षक तथा किशोर पुलिस इकाई मौजूद थे। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष टीम द्वारा कुल 14 बाल विवाह रोका गया है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता.पिता सगे संबंधी बराती एवं विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि वर या कन्या बाल विवाह पश्चात् विवाह को स्वीकार नहीं करते हैं। तो बालिग होने के पश्चात् विवाह को शून्य घोषित करने हेतु आवेदन कर सकते है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु.मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है। समाज में व्याप्त इस बुराई के पूर्णतः उन्मूलन हेतु जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकाय तथा पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों एवं आमजनों से सहयोग प्राप्त करके ही इस कुप्रथा के उन्मूलन हेतु कारगर कार्यवाही की जा सकती है।

## हद से ज्यादा रोमांटिक हुए विक्की-कैटरीना, यूजर्स बोले- सलमान को टैग करो



बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल को हर कोई पसंद करता है और उनकी पत्नी कैटरीना कैफ भी लोगों के दिलों में बसती है। इन दोनों की क्यूट जोड़ी पर फैंस अपनी जान छिड़कते हैं। जी हाँ और दोनों की शादी की तस्वीरें इंटरनेट पर जमकर वायरल हुई थीं और अब शादी के बाद विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की इतनी रोमांटिक तस्वीर पहली बार सोशल मीडिया पर सामने आई है। जी दरसल कैटरीना कैफ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फोटो को शेयर किया है जिसमें दोनों स्विमिंग पूल में काफी दिलकश अंदाज में नजर आ रहे हैं।

आप देख सकते हैं इस तस्वीर में कैटरीना कैफ स्विमसूट पहनी हुई दिखाई दे रहीं हैं और विक्की कौशल इस फोटो में शर्टलेस नजर आ रहे हैं। जी हाँ और दोनों एक दूसरे को गले लगाए हुए हैं। ऐसे में इस तस्वीर ने अब इंस्टाग्राम पर आग लगा दी है। जी हाँ और कमेंट सेक्शन में कैटरीना कैफ की ये फोटो देखकर लोगों ने मजेदार कमेंट किए हैं। एक यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा- कोई सलमान भाई को टैग करो। इसके अलावा एक शख्स ने लिखा- विक्की कौशल कह रहा है, जलते रहो बच्चों। मैं तो कैटरीना ले गया। इसके अलावा कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में लिखा, ये कपल कमाल लग रहा है।

आप सभी को बता दें कि तमाम यूजर्स जहां रोने वाले इमोजी बनाकर विक्की कौशल से जलन होने की बात लिख रहे हैं, इसके अलावा ढेरों लोगों ने कमेंट सेक्शन में सलमान खान का नाम लिखा है। अब अगर हम काम के बारे में बात करें तो विक्की कौशल जल्द ही फिल्म गोविंदा नाम मेरा और द ग्रेट इंडियन फैमिली जैसी फिल्मों में दिखाई देंगे। वहीं कैटरीना कैफ की फिल्म टाइगर-3 जल्द रिलीज होने वाली है।


## इस हॉलीवुड एक्टर को डेट कर रही है एमी जैक्सन



सिंह इज ब्लिंग में अक्षय कुमार की हीरोइन बनीं एमी जैक्सन की जिंदगी में अब नया प्यार आ चुका है. खबर है कि एमी जैक्सन हॉलीवुड के मशहूर एक्टर एड वेस्टविक को डेट करने की खबर आ रही है. एमी और एड को साथ में घूमते हुए देखा गया है. एमी जैक्सन इन दिनों लंदन में छुट्टियां बिता रही है. एमी अपने बेटे के साथ लंदन में रह रही हैं. ऐसे में उन्हें एड वेस्टविक के साथ लंदन की सड़कों पर घूमते हुए देखा गया. दोनों वर्कआउट आउटफिट में दिखाई दे रही है. एड वेस्टविक और एमी जैक्सन हाथों में हाथ डाले हुए दिखाई दे रहे है. यहां एड ने ग्रे टी-शर्ट और शॉर्ट्स पहन रखी है. एमी जैक्सन ने ग्रे टैंक टॉप के साथ ऑफ व्हाइट स्वेटशर्ट और योग पैन्ट्स पहन रखी है. दोनों की यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है. साथ ही इनसे अफवाह और भी तेज हो गई है कि एमी और एड एक दूसरे को एते कर रहे है. मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि एमी और एड सही में साथ हैं. वहीं एमी और एड वेस्टविक लंदन में कॉमन फ्रेंड्स के माध्यम मिले थे. दोनों ने एक दूसरे का नंबर लिया था. दोनों ने एक दूसरे को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना भी शुरू कर चुके है. दोनों इस रिश्ते को लेकर बहुत सीरियस हैं.

ख़बरों की माने तो एमी जैक्सन और एड वेस्टविक एक दूसरे के प्यार में पागल हो चुके है. दोनों के रिश्ते के बारे में सुनकर फैंस बहुत खुश हो गए हैं. एड और एमी के अफेयर के चर्चे अब चारों तरफ होने लग गए हैं. दोनों की साथ में आईं फोटोज भी वायरल होने लगी है. वैसे एड वेस्टविक से पहले एमी जैक्सन, के साथ रिश्ते में थीं. दोनों ने 2019 की शुरुआत में सगाई कर चुके है. सितंबर 2019 में दोनों को बेटा हुआ था. एमी और जॉर्ज को 2020 में शादी करनी थी. हालांकि ऐसा नहीं हुआ. 2021 में दोनों अलग हो चुके है .

## शाहरुख खान संग अनबन की बातों को लेकर अजय देवगन ने तोड़ी चुप्पी



अभिनेता शाहरुख खान और अजय देवगन बॉलीवुड के दमदार अभिनेताओं में से एक कहे जाते है। दोनों ने कई सुपरहिट मूवी में कार्य किया है। खास बात ये है कि शाहरुख और अजय ने एक-साथ मूवी इंडस्ट्री में भी रख चुके है। जहां अजय देवगन ने 1991 में मूवी फूल और कांटे से बॉलीवुड में डेब्यू लार दिया है, वहीं शाहरुख ने दीवाना मूवी से बॉलीवुड एंट्री की थी। दोनों स्टार्स ने पर्दे पर अपनी दमदार अभिनय से लोगों का खूब दिल जीता, लेकिन हमेशा बोला जाता है कि बीते कुछ सालों से दोनों के मध्य संबंध अच्छे नहीं चल रहे। हाल ही में पूरे 10 वर्ष के उपरांत अजय देवगन ने इस बातों पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है।

वर्ष 2012 में जब अजय देवगन की मूवी 'सन ऑफ सरदार' और शाहरुख खान की 'जब तक है जान' एकसाथ टकराई थी तब से दोनों से संबंध में कुछ खटास आ गई थी। पूरे 10 वर्ष के उपरांत अजय देवगन ने इस बारे में खुलकर वार्ता भी की। मीडिया के साथ वार्ता करते हुए अजय देवगन और शाहरुख खान ने कहा है कि '90 की जेनरेशन के जो हम 6-7 अभिनेता थे। हमारी अच्छी परफॉर्मेंस रही है। हमने हमेशा एक-दूसरे को सपोर्ट किया है। जो भी मीडिया हमारे बारे में लिखती है, मेरे और शाहरुख खान को लेकर वैसा कुछ नहीं है, हम फोन पर बात कर रहे है। हमारा बॉन्ड बहुत स्ट्रांग हैज् जब भी किसी एक को दिक्कत होती है, तो दूसरा साथ खड़ा हो जाता है।

अजय देवगन ने आगे बोला है कि, हम एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं, अगर कोई कहता है कि हम तुम्हारे साथ हैं तो वह सच में साथ में ही रहता है।' गलत खबरों के फैलने पर अभिनेता ने बोला है कि, 'कभी-कभी क्या होता है कि मीडिया के अलावा फैंस भी दोनों के अनबन की खबरें बनाते हैं तो जब 2 सेलेब्स के फैन एक-दूसरे से लड़ते हैं। तो लोग समझते हैं कि अभिनेता भी लड़ रहे हैं, लेकिन मैं सबसे कहना चाहूंगा कि हम एक हैं तो अगर अगली बार आप इस बात का ध्यान रखें।' इतना ही नहीं अजय देवगन और शाहरुख खान आजतक किसी मूवी में तो एक साथ नहीं दिखे, लेकिन हाल ही में एक ऐड में दोनों को साथ देखा गया था।

## हॉलीवुड फिल्म डॉक्टर स्ट्रेंज के साथ अटैच हुआ कार्तिक आर्यन की इस मूवी का गाना




अभिनेता कार्तिक आर्यन, तब्बू और कियारा आडवाणी की भूल भुलैया जल्द ही बड़े पर्दे पर रिलीज की जाने वाली है। हालही में कार्तिक प्रोमोशन और मूवी के नए गाने को रिलीज करने के लिए चंडीगढ़ गए हुए थे। मूवी पहले ही अपने ट्रेलर और स्टारकास्ट को लेकर पॉपुलर हो रही है। वहीं मूवी के लिए एक बड़ी बात और सुनने को मिली है। इस सप्ताह रिलीज होने जा रही हॉलीवुड मूवी डॉक्टर स्ट्रेंज के साथ ही मूवी का टाइटल ट्रैक अटैच हो चुका है। पहली दफा है कि किसी मूवी के साथ दूसरी मूवी का गाना देखने के लिए मिला है। इससे पहले मूवी के साथ टीजर और ट्रेलर अटैच होना आम बात होइ चुकी है। शहर पहुंचे कार्तिक ने मूवी को गाने को लेकर कहा था कि टाइटल ट्रेक मूवी की थीम से बहुत रिलेट करता है हमने प्रमोशन को लेकर कई शहरों का विजिट कर चुके है। जिस तरह का एक पॉजिटिव रिस्पॉन्स हमें देखने को मिल रहा है वह बहुत ही शानदार है। वही मूवी की स्टारकास्ट अपने लुक को लेकर फैंस और क्रिटिक्स के मध्य छाई हुई है। - गाने खींचते हैं अपनी औरर कार्तिक बोलना हैं कि मूवी का ट्रेलर जब से लांच हुआ है जब से इसे अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है हमे उम्मीद नहीं थी कि गाने को भी ऐसा ही प्यार मिलने वाला है। मुझे लगता है कि गाने मूवी का चार्म होते हैं अच्छा म्यूजिक लोगों को थियेटर तक लाने का कार्य कर रहा है। मूवी को लेकर उन्होंने कहा कि यह एक नई मूवी है स्टोरी नहीं है ऐसे में पिछली मूवी से इसका कोई मुकाबला नहीं होने वाला है। मूवी में कई सीनियर अभिनेता जैसे तब्बू और राजपाल भी है जिसे लेकर कार्तिक ने कहा है कि सीनियर अभिनेताृस के साथ काम करने का एक अलग ही आनंद होता है। उनसे सीखने को आपको बहुत कुछ मिलता है। राजपाल पुरानी मूवी का भी भाग रहे थे ऐसे में उन्हें वापिस देखना लोगों को अच्छा लगेगा।

## प्रेग्नेंट सोनम कपूर को चढ़ा फ़ूड फरेविंग का चस्का, लंदन में बनाना सिख रही है ये डिश

अभिनेत्री सोनम कपूर बहुत जल्द अपने बच्चे को जन्म देने वाली है। इन दिनों अभिनेत्रीअपने प्रेग्नेंसी टाइम को खूब एंजॉय करती हुई दिखाई दे रही है। जिसके साथ सोनम सोशल मीडिया पर भी सक्रीय है। हाल ही में सोनम ने एक वीडियो साझा कर दी है, इसमें अभिनेत्री लंदन के एक होटल में शेफ से अपना फेवरेट डेजर्ट बनाना सिखने में लगी हुई है।



फैंस इस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं। वीडियो में सोनम ब्लू आउटफिट में दिखाई दे रहे है। अभिनेत्री ने बालों को खुला छोड़ दिया है। सोनम लंदन के एक होटल के किचन में शेफ के साथ अपना फेवरेट डेजर्ट गोल्डन हेजलनट बनाने में लगी हुई हैं। सोनम को प्रेग्नेंसी में जिस भी फूड की क्रेविंग होने लगी है, वो बना रही है और खा रही है। वीडियो को साझा करते हुए सोनम ने लिखा- अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान मैं गुड्स खा रही हूं। मेरे प्यारे दोस्त ने अपने पेटिसरी में मेरे लिए एक सरप्राइज बुक किया था। फैंस इस वीडियो को खूब लाइक करने में लगे हुए है।

ख़बरों की माने तो सोनम ने 21 मार्च को पति आनंद आहूजा के साथ फोटोज साझा कर फैंस को प्रेग्नेंसी की खुशखबरी दे दी थी। अभिनेत्री पति की गोद में लेट कर बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही है। सोनम ने 2018 में आनंद से विवाह कर लिया था। सोनम शादी के 4 वर्ष के उपरांत मां बनने जा रही है।

# खेल

40 साल के माही ने DC के खिलाफ दिखाया दम

## 262 के स्ट्राइक रेट से बनाए 21 रन, 18वें ओवर में आए और छा गए धोनी




**मुंबई।** महेंद्र सिंह धोनी को यूं ही दुनिया का सबसे बड़ा फिनिशर नहीं कहा जाता है। जिनको 40 साल के माही की बैटिंग पर थोड़ा भी संदेह था, वह दिल्ली के खिलाफ पूरी तरह दूर हो गया। अपनी पहली ही गेंद पर धमाकेदार छक्का जड़कर धोनी ने साबित कर दिया की आज भी स्लॉग ओवर में गेंदबाज को उनसे बेहतर कोई नहीं पढ़ता है। जरूरी नहीं है कि अगली गेंद को भी हवा में खेला जाए। दूसरी गेंद को माही ने 2 फील्डर के बीच से प्लेस किया और चौका बटोर लिया। अब तक स्टेडियम में मौजूद जनता समझ चुकी थी कि धोनी टीम को 200 रनों का आंकड़ा पार कराने के इरादे के साथ मैदान में उतरे हैं। धोनी-धोनी के शोर से पूरा स्टेडियम गूंज उठा। बड़े स्कोर के दबाव में दिल्ली बिखर गई और 91 रन से मुकाबला गंवा बैठी। IPL 2022 के 55वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई ने पहले खेलते हुए 6 विकेट पर 208 रन बनाए। महेंद्र सिंह धोनी के दोबारा कप्तान बनने के बाद चेन्नई की टीम ने तीन मैच में दूसरी बार 200 से ज्यादा का स्कोर बनाया। इस दौरान धोनी ने धमाकेदार पारी खेली। 18वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे धोनी ने छक्के से अपना खाता खोला। उन्होंने मिचेल मार्श की गेंद पर बाहर निकलकर लॉन्ग ऑन के ऊपर से छक्का लगाया। इसके बाद अगली गेंद पर कट शॉट खेलकर उन्होंने चौका जड़ा। 19वें ओवर में धोनी ने आखिरी गेंद पर खलील अहमद को छक्का लगाया। अंतिम दो ओवर में उन्हें सिर्फ 4 गेंद खेलने को मिलीं। उन्होंने 8 गेंद पर 262.5 की स्ट्राइक रेट से 21 रन बनाए।

### सलामी जोड़ी ने दी शानदार शुरुआत

इससे पहले चेन्नई को को डेवोन कॉन्वे और ऋतुराज गायकवाड़ ने एक बार फिर शानदार शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 110 रनों की साझेदारी बनाई। पिछले तीन मैच में इस जोड़ी ने दो शतकीय और एक अर्धशतकीय साझेदारी बनाई है।

## लखनऊ की कोलकाता पर 75 रनों की सूपरजाइंट जीत




**पुणे ।** लखनऊ सूपरजाइंट्स ने आज शाम के आईपीएल मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 75 रनों की विशाल जीत हासिल की। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। इसके जवाब में कोलकाता 14 ओवर में सिर्फ़ 101 रन पर ही सिमट गयी। कोलकाता के लिए सबसे ज्यादा आंद्रे रसल ने 19 गेंदों पर 45 रन बनाये। रसल के अलावा केकेआर का कोई भी बल्लेबाज़ आज अपनी छाप नहीं छोड़ सका। लखनऊ की ओर से आवेश खान ने अपने तीन ओवरों में 19 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि जेसन होल्डर ने 2.3 ओवर में तीन विकेट लेकर 31 रन दिये। कोलकाता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फ़ैसला किया। लखनऊ के लिए बल्लेबाज़ी करने उतरे कप्तान केएल राहुल दुर्भाग्यपूर्ण रहे और पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ही बिना रन बनाए रनआऊट हो गये।

### एक नजर

## राजस्थान ने पंजाब को छह विकेट से शिकस्त दी

**मुम्बई ।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स को छह विकेट से शिकस्त दी। 190 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान ने यह मैच दो गेंदें रहते ही जीत लिया।

जॉनी बेयरस्टो के अर्धशतक (56) और जितेश शर्मा (38) की आतिशी पारी की बदौलत पंजाब ने 189 रन बनाए। इसके जवाब में यशस्वी जयसवाल के 68 (41), जॉस बटलर के 30 (16) और शिमरन हेटमायर के 31 (16) की बदौलत राजस्थान ने 19.4 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान की इस जीत के साथ मुंबई इंडियन्स आईपीएल प्लेऑफ़ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गयी है।

पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पंजाब के लिए जॉनी बेयरस्टो ने 40 गेंदों पर 56 रन, भनुका राजपक्षे ने 18 गेंदों में 27 रन और लायम लिविंग्स्टोन ने 14 गेंदों में 22 रन बनाए। जितेश शर्मा की 18 गेंदों पर 38 रनों की आतिशी पारी की बदौलत पंजाब ने पांच विकेट पर 189 रन बनाए।

राजस्थान रॉयल्स की तरफ से युज़्वेंद्र चहल ने चार ओवर में 28 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि रविचंद्रन अश्विन और प्रसिद्ध कृष्णा को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

दूसरी पारी में राजस्थान को यशसवी जयसवाल और जॉस बटलर ने विस्फोटक शुरुआत दी। चौथे ओवर की अंतिम गेंद पर बटलर के आउट होने से पूर्व दोनों ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

190 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान ने अपनी पारी की रफ्तार किसी भी समय कम नहीं होने दी। जयसवाल ने 41 गेंदों पर 68 रन, बटलर ने 16 गेंदों पर 30 रन, सैमसन ने 12 गेंदों पर 23 रन और शिमरन हेटमायर ने 16 गेंदों पर नाबाद 31 रन बनाये। बाएं हाथ के बल्लेबाज़ देवदत पड्डिकल 32 गेंदों में महज़ 31 रन ही बना पाए।

राजस्थान को आखिरी दो ओवरों में 11 रन चाहिए थे जब अर्शदीप सिंह ने 19वें ओवर में सिर्फ तीन रन देकर पड्डिकल का विकेट चटका। आखिरी छह गेंदों में राजस्थान को आठ रन चाहिए थे, हालांकि राहुल चहर ने पहली बॉल वाइड फेंकी और पहली वैध बॉल पर हेटमायर ने छक्का जड़कर स्कोर बराबर कर लिये। ओवर की चौथी बॉल पर सिंगल लेकर हेटमायर ने राजस्थान को जीत के साथ दो बहूमूल्य अंक दिलाये।

## मुम्बई की गुजरात टाइटंस पर सनसनीखेज जीत

**मुम्बई ।** डेनियल सैम्स के आखिरी जबरदस्त ओवर के दम पर मुंबई इंडियंस ने चोटी की टीम गुजरात टाइटंस को आईपीएल मुकाबले में पांच रन से हरा दिया। गुजरात को आखिरी ओवर में जीत के लिए नौ रन चाहिए थे लेकिन सैम्स ने गुजरात को उसकी मंजिल पर जाने से पहले रोक दिया।

मुंबई ने ईशान किशन (45), कप्तान रोहित शर्मा (43) और टिम डेविड (नाबाद 44) की आतिशी पारियों से 20 ओवर में छह विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर गुजरात को 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन पर रोक दिया।

ईशान और रोहित ने मुम्बई के टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते ओपनिंग साझेदारी में 74 रन जोड़े। रोहित और इशान की शुरुआत शानदार रही थी और आधी पारी की समाप्ति पर लग रहा था कि मुंबई 200 का आंकड़ा पार कर जाएगी।

विराट के करियर का सबसे बुरा दौर

## IPL में 10 साल में कोहली का औसत सबसे खराब, रन मशीन से बने डक मशीन




**मुंबई।** विराट का औसत पिछले 10 सालों में IPL में पहली बार 20 के नीचे गया है। उनका बल्ला है कि बोलने का नाम ही नहीं ले रहा। फैंस के चहेते किंग कोहली इस सीजन सिर्फ 19.6 की एवरेज से खेल रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया मुकाबला पहली गेंद पर बड़े विकेट के साथ शुरू हुआ।

स्पिनर जे सुचित की गेंद पर विराट कोहली बगैर खाता खोले आउट हो गए। सीजन में तीसरी बार ऐसा हुआ, जब विराट बगैर कोई रन बनाए पवेलियन की ओर चलते बने। इसी के साथ करोड़ों फैंस का दिल टूट गया। कई घर में टीवी बंद हो गए और लोग गम भुलाने की खातिर दुनियादारी में उलझ गए। जिस विराट कोहली के नाम से एक वक्त दुनिया के तमाम गेंदबाज सिहर उठते थे, आज वह अपने करियर के सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं। IPL 15 में वह 3 बार गोल्डन डक का शिकार हो चुके हैं, यानी कि पहली ही गेंद पर आउट हो गए हैं। 3 साल बीत चुके लेकिन विराट के बल्ले से शतक नहीं निकला। ऐसा नहीं है कि इससे विराट की आक्रामकता कोई कम हुई है। CSK के खिलाफ हुए मुकाबले में जब धोनी का विकेट गिरा, तो कोहली का एग्रेसिव रिएक्शन सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।

चेन्नई की धमाकेदार जीत

## दिल्ली को 91 रन से हराया, मोईन अली ने झटके 3 विकेट, माही का बल्ला भी बोला



**मुंबई।** IPL के 55वें मैच में CSK ने DC को 91 रन से हरा दिया है। दिल्ली के लिए सबसे ज्यादा रन मिचेल मार्श ने बनाए। उनके बल्ले से 20 गेंद में 25 रन निकले। दिल्ली का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। 209 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी टीम 17.4 ओवर में 117 रन पर ऑल आउट हो गई।

CSK के लिए मोईन अली ने कमाल की गेंदबाजी की और 4 ओवर में सिर्फ 13 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। अपनी शानदार गेंदबाजी के दम पर मोईन ने ष्ष्ट के मध्यक्रम की कमर तोड़ कर रख दी।


इस जीत के साथ CSK के 8 अंक हो गए हैं। वहीं, इस हार के बाद दिल्ली के सिर्फ 10 अंक हैं। अब उसे प्लेऑफ में पहुंचने के लिए आने वाले अपने तीन मुकाबलों में जीत दर्ज करनी होगी और नेट रन रेट को भी बेहतर करना होगा।

CSK को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने सारे मुकाबले जीतने होंगे। वहीं, सनराइजर्स हैदराबाद, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स को अपने बाकी बचे तीन मैच में से कम से कम दो में हार का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा अगर राजस्थान अपने बाकी बचे तीनों मैच गंवा देती है, तो मामला बन सकता है। ऐसा होने से चेन्नई चमत्कारी रूप से प्लेऑफ में पहुंच सकती है।

# सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पर मूल्यांकन करने पहुंची राष्ट्रीय एसटी आयोग की टीम

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

वन अधिकार अधिनियम 2006 में प्रावधानित सामुदायिक वन संसाधन (सीएफआरआर) तथा पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 (पीईएसए) पर शोध एवं मूल्यांकन हेतु राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग व तीर फाउंडेशन की टीम 6 से 9 मई 2022 तक रायगढ़ प्रवास पर रहे। राष्ट्रीय अजजा आयोग द्वारा यह दायित्व के.एस.ध्रुव अन्वेषक डॉ.गजेन्द्र गुप्ता एवं योगेश अडकिने को सौंपा गया।



रायगढ़ भ्रमण के दौरान अन्वेषक दल द्वारा एडीएम श्री आर.ए.कुरूवंशी तथा डीएलसी के सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य गौरीशंकर राठिया, बिलास तिहारूराम सारथी, श्रीमती मालती नीलाम्बर राठिया, नगर पंचायत सदस्य श्री सुरेश किस्पोट्टा, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग अविनाश श्रीवास तथा वन विभाग के एसडीओ फारेस्ट रायगढ़ अनिता गुप्ता व एफआरए संबंधी अन्य अधिकारी-कर्मचारियों से मुलाकात कर पृथक-पृथक चर्चा की गयी। इस दौरान सीएफआरआर हेतु दावा करने की प्रक्रिया, अधिकार मिलने के बाद के कार्य जैसे-आजीविका हेतु वन प्रबंधन समिति का गठन, समिति की संस्थागत मजबूती व कामकाज हेतु प्रशिक्षण तथा राजस्व एवं वन विभाग के रिकार्ड में अभिलेखों के अद्यतीकरण (मद परिवर्तन) के संबंध में चर्चा की गयी। दो दिन के प्रवास के दौरान एसडीएलसी लैलूंगा के सदस्यों से भेंट व चर्चा की गयी तथा दो सामुदायिक वन संसाधन अधिकार सीएफआरआर प्राप्त ग्राम जमुना व चिंगारी का भ्रमण किया गया तथा ग्रामवासियों व स्वयंसेवी संगठन प्रदान के सदस्यों से भेंट कर सीएफआरआर हेतु दावा प्रक्रिया में ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा की गयी कार्यवाही के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही दावा तैयार करने में आने वाली समस्या व उनके निराकरण के बारे में चर्चा की गयी। इस प्रकार सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर असर्वेक्षित ग्रामों का सर्वे कर रिकार्ड में अद्यतन करने तथा प्रत्येक ग्राम को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रदान कर आजीविका हेतु वन संसाधन के उपभोग तथा वनों के संरक्षण हेतु कार्य योजना तैयार करने, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के संबंध में जन-जागरूकता एवं क्षमता विकास हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के सुझाव दिए जिससे डीएलसी एवं एसडीएलसी के सदस्यों तथा विकासखण्ड लैलूंगा के ग्राम जमुना एवं चिंगारी के ग्रामवासियों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के संबंध में अत्यंत महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। अंत में सभी ने राष्ट्रीय जनजाति आयोग द्वारा गठित दल कर आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## एक नजर

### कोंडागांव जिले मे हुई बस्तर फाईटर भर्ती की शुरुआत



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की मंशा अनुरूप बस्तर संभाग के अंदरूनी वनांचल क्षेत्र के युवा युवतियों को बस्तर की शांति सुरक्षा एवं विकास कार्य के साथ-साथ रोजगार का अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के पालन में कोंडागांव के लिए स्वीकृत बस्तर फाइटर आरक्षक के 300 पदों हेतु भर्ती प्रक्रिया पुलिस अधीक्षक कोंडागांव श्री दिव्यांग पटेल (भा.पु.से.) के नेतृत्व में आज दिनांक 9 मई 2022 को पुलिस लाईन चिकलपुट्टी कोंडागांव मे प्रारंभ की गई। कोंडागांव जिले के लिए बस्तर फाइटर के कुल स्वीकृत 300 पद है जिसमे सभी पद जिले के मूल निवासियों के लिए ही है। जिससे इतनी बड़ी संख्या में जिले के लिए रोजगार का अवसर मिलने से क्षेत्र के युवक युवतियों में अत्यंत उत्साह का माहौल है। भर्ती प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने हेतु एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए अभ्यर्थियों के लिए बड़ी संख्या में टेंट लगाए गए हैं एवं पीने की पानी व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।

कोंडागांव पुलिस की जिले के अभ्यर्थियों से अपील है कि जिसने भी बस्तर फाइटर में भर्ती हेतु आवेदन किए हैं वह अपने रजिस्ट्रेशन नंबर के अनुसार निर्धारित दिनांक को पुलिस लाइन चिकलपुट्टी कोंडागांव में उपस्थित होवे।

### जनचौपाल में मिले 50 आवेदन

**गरियाबंद** । जिला मुख्यालय गरियाबंद में प्रत्येक सप्ताह सोमवार को आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर अपर कलेक्टर जे.आर चौरसिया ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर आवेदकों को उनकी समस्या के निराकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। जनचौपाल में 50 नागरिकों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। जनचौपाल में ग्राम लोहझर की श्याम कुमारी ने बिजली बिल की राशि अधिक आने, ग्राम पोटिया के धनसूराम भुंजिया ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में भृत्य पद पर नियुक्ति करने, ग्राम भैसतरा के जुगराम साहू ने धान खरही में आग लग जाने से क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि दिलाने, ग्रो कोसमबुड़ा के लिलेश्वर ने मोटराईज्ड ट्रायसाकिल दिलाने, ग्राम केड़ीआमा के शत्रुघन लाल भुंजिया ने सोलर पैनल व बोर मशीन लगाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये।

### निगम के एमआईसी कछ में हुई स्वच्छता व स्वास्थ्य विभाग की सलाहकार समिति की बैठक

**भिलाई** । कई निजी आवासीय कॉलोनियों के भिलाई निगम में समायोजन होने के बाद सफाई कर्मियों के अतिरिक्त अन्य संसाधनों की जरूरत पड़ रही है। महापौर नीरज पाल ने सभी जोन के वार्डों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दे रखे हैं। स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में आज निगम के सभागार में लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की सलाहकार समिति की बैठक हुई। इसमें पार्षदद्वय पार्षद पी. श्याम सुंदर राव, उमेश कुमार साहू, ईश्वरी नेताम, सरिता देवी, के. जगदीश कुमार, अभिषेक मिश्रा, एम लक्ष्मी गोपाल, डी सुजाता व कोमल दास टंडन उपस्थित थे। बैठक में कई आवासों के निगम को हैंडओवर करने व ओव्हर ब्रिज, अंडरब्रिज, वाई शेप, स्मृतिनगर से जामुल बोगदा तक करीब 14 किमी की सफाई करने के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मियों की आवश्यकता के विषय में चर्चा की गई। साथ ही इसमें जोन 4 के वार्ड 30, 31, 32, 33 व 34 में नाली, सड़क, बाजार की सफाई के अतिरिक्त डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए 300 स्वच्छता कामगार सहित तिपहिया व ई रिक्शा की मांग महापौर परिषद में रखे जाने का निर्णय लिया गया। सलाहकार समिति के सदस्यों ने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अन्य विषय पर भी चर्चा की।

## श्री सांई नाथ जन सेवा समिति की पहल, सुपेला अस्पताल को भेंट किया 3 वाटर कूलर



**भिलाई।** जन सेवा परम धर्म को ध्यान में रखते हुए श्री सांई नाथ जन सेवा समिति द्वारा लाल बहादुर शास्त्री शासकीय हॉस्पिटल सुपेला को तीन वाटर कूलर भेंट किया गया। यह वाटर कूलर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों की सहुलियत को देखते हुए दिया गया है। संस्था द्वारा तीनो कूलर लाल बहादुर शास्त्री शासकीय हॉस्पिटल के मुख्य प्रभारी डॉ. पीयम सिंह जी को भेंट किया गया। इस मौके पर संस्था के सम्मानीय सदस्य एवं हॉस्पिटल के अन्य डॉक्टर भी मौजूद रहे।श्री सांई नाथ जन सेवा समिति के अध्यक्ष श्री जी. माधव राव ने बताया कि संस्था लगातार लोगो की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में काम करती है।विभिन्न सामाजिक कार्यो को करने के साथ संस्था रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जन सेवा ही परम धर्म है। इससे बडा कोई धर्म नही है। सेवा मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है। अपने को जन सेवक मानकर जागरूकता व विनम्रता से सेवा को धर्म और कर्तव्य समझकर कार्य करना चाहिए। हॉस्पिटल में गर्मी के मौसम में ज्यादा मरीज भर्ती होते है और वार्डो में कूलर न होना मरीजो के लिए कष्टदायक है। जिसको संस्था ने अपने संज्ञान में लेते हुए यह कार्य पूर्ण किया।

इस मौके पर संस्था के संरक्षक श्री जी राजू ने कहा कि श्री सांई नाथ जन सेवा समिति की सोच व संस्था के द्वारा किया जा रहा सामाजिक कार्य सराहनीय है। जिसे देखते हुए अन्य संस्थाओं को भी ऐसे कार्यो के लिए आगे आना चाहिए। इससे सामाजिक कार्य और विकास को गति मिलती है। इस मौके पर संस्था के सम्मानीत सदस्य श्री के. डिल्ली राव, जी. राजू, विकास जायसवाल, के. गणपति, के. प्रसाद राव, जी. माधव राव, सूरज साहू, एस. वेंकट, धनराजू तथा हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ. पीयम सिंह एवं अन्य डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टॉफ आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला

### महिलाओं का अपमान बर्दाश्त करने योग्य नहीं-बाबूलाल अग्रवाल

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा सूरजपुर के आह्वान पर सभी मंडल मुख्यालय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला जलाया गया। गौरतलब है कि सूरजपुर जिले के दौरे में आए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा रामनगर की सभा में सार्वजनिक रूप से खुले मंच पर महिला के अपमान के विरोध में उक्त कार्यक्रम रखा गया। ज्ञात हो कि रामनगर की सभा में एक महिला के द्वारा अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री को बताई जा रही थी। उस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महिला को झिड़कते हुए उसपर नेतागिरी न करने को कहाए और यह भी देखते हुए नजर आया कि महिला के बार-बार एसपी के द्वारा रोकने के आरोप को नजरअंदाज करते हुए उक्त महिला को ही नेतागिरी ना करने की झड़प लगाई जो कि काफी एक मुख्यमंत्री के पद पर बैठे हुए व्यक्ति को सोभा नही देता है। उक्त घटना से सूरजपुर की महिला अपमान महसूस कर रही हैंए सूरजपुर महिला मोर्चा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से महिलाओं से माफ ी मांगे अन्यथा आगे भी इनका विरोध भाजपा महिला मोर्चा करती रहेगी व इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री क्षेत्र में पहले से प्रायोजित कार्यक्रम ही कर रहे हैं एवं झूठी दिखावे बाजी कर रहे हैं जमीनी हकीकत कुछ और है जगह-जगह भ्रष्टाचार की शिकायतें एवं आम आदमी शासन तंत्र की व्यवस्था से काफी क्षुब्ध है युवाओं का बेरोजगारी भत्ता हो या समूहों का कर्जा माफ का विषय हो समूह से रेडी टु इट वापस लेने के विषय पर मुख्यमंत्री मौन है। भाजपा महिला मोर्चा लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि भूपेश बघेल महिलाओं का अपमान करना बंद करें एक महिला को पुलिस अधीक्षक के द्वारा मुख्यमंत्री से न मिलने देने के शिकायत करने पर ऊंचे स्वर में महिला का अपमान किया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता मुख्यमंत्री मातृ दिवस के अवसर पर माताओं के सम्मान की जगह अपमान कर रहे हैं जो सरासर अनुचित है। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, जिला महामंत्री राजेश अग्रवाल महलवाला, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी राजवाड़े भाजपा जिला महामंत्री मुरली मनोहर सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरोज साहू, राजू देवांगन, पुष्पा सिंह, श्यामा पांडे, शांति सिंह मोहिनी झा, शशिकिरण खेस, अनीता मिश्रा, प्रेमता साहू, जीरा देवी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष किशन देवांगन, भाजयुमो शहर महामंत्री संस्कार अग्रवाल, राजेश साहू, विक्की सोनवानी, प्यारे साहू, दिलीप साहू, पंकज सोनी विकास साहू, चंकी देवांगन, तुषार ठाकुर, लोकनाथ बैगा, अमित ठाकुर, नितिन सोनी, अनिल साहू राम कुमार रवि धीरेंद्र शुक्ला सहित भाजपा महिला मोर्चा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भारी काफी संख्या में उपस्थित रहे।



## सारंगढ़ राजमहल गिरी विलाश पैलेस से झंडा चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

### गिरफ्तार आरोपी किसी पार्टी या समूह का सदस्य नहीं, घर वाले व मोहल्ले वाले बताये आरोपी की मानसिक स्थिति खराब

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



आरोपी सोनू माली बताया पूर्व में राजमहल में आना जाना कर चूका है, पहले भी जा चुका था महल की छत पर



सारंगढ़ गिरीविलाश पैलेस में लगे सारंगढ़ स्टेट के झंडे को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकालकर उसमें अन्य झंडा लगाए जाने की शिकायत पैलेस के परिवेश मिश्रा द्वारा जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अभिषेक मीना द्वारा सारंगढ़ पुलिस को तत्काल वैधानिक कार्यवाही कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिये एवं सभी गतिविधियों एवं पुलिस की कार्रवाई से अवगत कराते रहने का निर्देश दिया गया। वहीं ओएसडी पुलिस, राजेश कुकरेजा द्वारा एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात कुमार पटेल एवं थाना प्रभारी सारंगढ़ विवेक पाटले को अज्ञात आरोपी की पतासाजी व कार्रवाई के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। मामले की तफ्तीश के लिए तत्काल सारंगढ़ पुलिस द्वारा स्निफर डॉग बुलाकर डॉग को ट्रेस कराया गया तथा सारंगढ़ एवं आसपास क्षेत्र में सक्रिय पुलिस के सहयोगियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही थी तथा संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ शुरू कर उनसे पूछताछ किया गया। इस पर कोई विशेष जानकारी पुलिस के हाथ नहीं आया। एक ओर पुलिस अपने सूचना तंत्र के जरिए मामले से जुड़े आरोपी की जानकारी जुटाई जा रही थी तभी थाना प्रभारी सारंगढ़ टीआई विवेक पाटले को उनके सूत्रों से मोनू माली निवासी सारंगढ़ द्वारा झंडा को 7 मई 2022 के रात्रि निकालने की जानकारी मिली जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मोनू माली को बरमकेला से हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिये गये आरोपी के संबंध में पुलिस टीम द्वारा जानकारी लेने पर आरोपी मोनू माली को जानने वालों ने बताया कि मोनू माली कुछ दिनों से जादू.टोना जैसी बातें कर रहा है। हर समय नशे में रहता है। उसके घरवाले बताएं कि कुछ समय से मोनू माली की मानसिक स्थिाति ठीक नहीं है। स्वयं आरोपी मोनू माली ने बताया कि वह पूर्व में भी महल आना-जाना करता रहा है कई बार छत पर चढ़ा भी है। वह किसी पार्टी व समूह से जुड़ा नहीं है। घरवाले उसे ईलाज के लिए बरमकेला और वहां से ओडिशा ले जाने वाले थे। साथ ही घटना कार्य के संबंध में आरोपी मोनू माली ने बताया कि 07 मई 2022 को वह अकेले महल के अंदर जाकर बिना सोचे समझे नायलोंन रस्सी के सहारे झंडे को निकालकर उसकी जगह मंदिर से चोरी किया हुआ एक अन्य झंडा बड़ी आसानी से लगा दिया और वापस महल के सीढी से उतरकर निकला। इस दौरान उसे राजपरिवार की युवती देखी और पूछताछ की जिसे वह अपना नाम भी बताया उसके बाद पकड़े जाने के डर से झंडे को जला दिया। पुलिस ने आरोपी मोनू माली पिता विजय माली 22 वर्ष निवासी फूलझरियापारा सारंगढ़ थाना सारंगढ़ के मेमोरेंडम में झंडा का जला हुआ हिस्सा व नायलोंन रस्सी जला टुकड़ा बरामद किया गया है। घटना के संबंध में 08 मई 2022 को गिरीविलाश पैलेस के नाजिर भगत कटकवार द्वारा ध्वज चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपक्र 218/2022 धारा 457, 380 आपीसी का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले में आरोपी मोनू माली को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

एक दिवसीय ओरियेंटशन कार्यक्रम संपन्न

## न्याय बंधु मोबाईल एप के माध्यम से दिया जाएगा निःशुल्क विधिक सलाह

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में गत दिवस एक दिवसीय ओरियेंटशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सरलता से विधिक सेवा का लाभ दिलाना था।

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष श्री न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए उसका मैदानी रूप में क्रियान्वयन न किया जाये तब तक उसका लाभ नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि अधिवक्तागण विधिक सेवा से संबंधित न्याय बंधु मोबाईल एप से जुड़कर प्रो-बोनो लीगल सर्विसेस के तहत अपना पंजीयन कराकर उसके माध्यम से कुछ प्रकरणों में जरूरतमंदों को उनके प्रकरणों में निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान किया जाए।

श्री न्यायमूर्ति ने रोजमर्रा के जीवन से जुड़े मामलों के संबंध में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 22ए के अंतर्गत स्थायी लोक अदालत के प्रावधानों को जानने एवं इससे जुड़े मामलों जैसे ट्रांसपोर्ट सेवा, पानी, बिजली, बिल्डर्स जैसे मामलों की सेवा में कमी से संबंधित शिकायतों पर स्थायी लोक अदालत जिसका कार्य क्षेत्र व्यापक है उसके माध्यम से निपटारा कराये जाने की बात कही, जिससे आमजन को इसका लाभ प्राप्त हो सके। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों जैसे अभियान करूणा, उम्मीद, आसरा, सचेत, मुआवजा, उन्मुक्त आदि का जिक्र करते हुए कहा कि अभियान करूणा के तहत वरिष्ठजनों को उनके परिवार में सम्मान सहित रहने, अभियान उम्मीद में मानसिक मरीजों जो स्वस्थ हो चुके हैं उन्हें उनके परिवार से मिलाने की कार्यवाही के बारे में बताया।

ओरियेंटेशन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष श्री न्यायमूर्ति संजय एस.अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गरीबी एवं अशिक्षा के कारण लोग न्याय पाने से वंचित हो जाते है। संविधान के अनुच्छेद 39 के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी लोगों को न्याय पाने का अधिकार है। कार्यक्रम का धन्यवाद भाषण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव श्री सिद्धार्थ अग्रवाल ने दी। कार्यक्रम का संचालन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अवर सचिव श्रीमती कामिनी जायसवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में गेस्ट स्पीकर के रूप में महाधिवक्ता श्री सतीशचंद्र वर्मा, न्यायिक एकेडमी की डायरेक्ट श्रीमती सुषमा सावंत, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री किशोर भादुड़ी सहित जिला प्राधिकरण रायपुर, राजनांदगांव के सचिव रहे एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्री के अधिकारीगण, न्यायिक एकेडेमी के डायरेक्टर सुषमा सावंत, उच्च न्यायालय के पदाधिकारीगण, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता, पैनल अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# लैलूंगा के पोकडेगा में मिले अधजले शव की शिनाख्त कर लैलूंगा पुलिस की अंधे कत्ल का खुलासा

## कुछ ही दिनों में युवक की होने वाली थी शादी पर गैर महिला से अनैतिक संबंध से गई जान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

एसपी अभिषेक मीना के कुशल दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले तथा एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर लैलूंगा पुलिस द्वारा 03 मई 2022 को थाना लैलूंगा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोकडेगा में मिले अज्ञात पुरूष के शव की शिनाख्तगी कर हत्या को अंजाम देने में संलिप्त मृतक की कथित प्रेमिका उसके चचेरे भाई को सारे सबूतों के साथ गिरफ्तार किया गया है । मृतक की कथित प्रेमिका का पति भी घटना में शामिल है जो पुलिस की पतासाजी की भनक पर फरार हो गया है। पुलिस सरगर्मी से उसकी तलाश में जुटी है। आरोपियों द्वारा मृतक की पहचान छिपाने शव को जलाया वहीं मृतक के एकाएक लापता होने पर उसके परिजनों के मोबाइल पर मैसेज कर यह भ्रम फैलाये कि मृतक स्वयं ही घर छोड़ कहीं चला गया है। किन्तु आरोपियों की चलाकी पुलिस की जांच के आगे फीकी साबित हुई। गिरफ्तार दोनों आरोपी अब सलाखों के पीछे हैं। घटना के संबंध में 03 मई 2022 को ग्राम कोटवार पोकडेगा द्वारा जांच के लिये गांव के काजूबाडी पर पहुंचे थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक प्रवीण मिंज को बताया कि सुबह इसे जानकारी मिला कि पोकडेगा काजूबाड़ी जंगल में कोई अज्ञात व्यक्ति का लाश पड़ा हुआ है पूरा शरीर जल गया है कोई पहचान में नहीं आ रहा है। तब गांव के लोगों के साथ पोकडेगा काजू बाड़ी जंगल जाकर देखा तो काजू बाड़ी में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 25-30 साल का शव जला हुआ पड़ा था। थाना प्रभारी द्वारा मौके पर शव पंचनामा मर्ग जांच कार्यवाही कर शव का पोस्ट मार्टम कराया गया। घटनास्थल पर मौजूद ग्राम पोकडेगा और आसपास के गांववाले मृतक को अपने गांव का नहीं होना बताये, अधजले शव की शिनाख्तगी पुलिस की पहली परेशानी थी। जिसके लिये थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा मृतक के वारिसानों की पतासाजी के लिए शव के फेटोग्राफ्स पुलिस, मीडिया व अन्य कई व्हाटसअप ग्रुप में शेयर किये। जिले के थाना को रेडियो मैसेज, ईश्तहार जारी कर मृतक की शिनाख्तगी का प्रयास कर रहे थे कि वायरल फेटोग्राफ्स को बलरामपुर जिले में कार्यरत आरक्षक चंद्र विजय पैकरा पिता केशबो साय पैंकरा उम्र 40 वर्ष देखकर उसके छोटे भाई सत्यनारायण पैकरा उम्र 30 वर्ष का होने का संदेह जताया जिसके बाद पुलिस द्वारा चंद्र विजय पैकरा के घर वालों से संपर्क कर शिनाख्त की कार्यवाही कराये जो सत्यनारायण पैंकरा पिता केशबो साय पैंकरा उम्र 30 वर्ष निवासी माटीपहाड़ छर्रा थाना तुमला जिला जशपुर के रूप में पहचान किये। मृतक के घर वारिसान बताएं कि 4 मई को उनके द्वारा तुमला थाना जिला जशपुर में सत्यनारायण पैकरा के गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 2 मई को सत्यनारायण महुआ बेचने निकला था उसके बाद से गायब है। पुलिस को पतासाजी के दौरान यह जानकारी मिली कि गांव की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता पैंकरा से सत्यनारायण पैकरा का



* पूर्व प्रेमिका अपने पति और चचेरे भाई के साथ मिलकर की युवक हत्या, साक्ष्य मिटाये और फैलाये भ्रम
* अधजले शव की शिनाख्तगी थी पुलिस की पहली बाधा, शिनाख्तगी के बाद साक्ष्यों के तार जोड़ते पुलिस पहुंची मृतक की प्रेमिका तक हुआ हत्या का पर्दाफाश

मैत्री संबंध थे । इस जानकारी पर जब थाना प्रभारी द्वारा विवेचना कर संदेही सुनिता पैंकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया तो घटना से पर्त दर पर्त उठने लगा। आरोपिया सुनिता पैंकरा अपने पति रघुनंदन पैंकरा और रिस्ते के भाई मदन पैंकरा जो उनके घर अक्सर काम के सिलसिले में आता जाता रहता था के साथ मिलकर 2 मई की रात भंगामुडा के पास घटना कारित कर उसके पति और चचेरे भाई मदन द्वारा शव को तोलमा रोड़ के आगे पोकडेगा में जला दिये। पुलिस द्वारा आरोपिया के चचेरे भाई मदन पैंकरा को भी हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी पुलिस को दिये अपने मेमोरेंडम बयान में बताये कि मृतक सत्यनारायण पैंकरा का सुनीता पैंकरा के साथ दो-तीन सालों से प्रेम संबंध था। सुनीता पैंकरा का पति रघुनंदन पैंकरा बढाई है, घर पर भी काम करता था। आरोपिया सुनीता पैंकरा बताई कि दोनों आपस में मिलते जुलते थे। सत्यनारायण पैकरा कुछ दिनों से मिलने के लिए बहुत दबाव बनाता था जिससे परेशान होकर अपने पति व भाई मदन पैंकरा को बताई और सुनियोजित तरीके से 2 मई के शाम.रात करीब 7 बजे सत्यनारायण को मिलने के बहाने भंगामुडा के पास बुलाई जहां पूर्व से उसका पति रघुनंदन घर से पाटानुमा डंडा लेकर चचेरे भाई मदन पैंकरा के साथ छिपे हुए थे जैसे ही सत्यनारायण पहुंचा रघुनंदन पैंकरा पाटानुमा डंडा को हथियार के रूप में उपयोग कर सत्यनारायण के सिरए चेहरे पर ताबड़तोड़ वार किया जिससे सत्यनारायण वहीं फौत हो गया। उसके मृत्यु के पश्चात सत्यनारायण सत्यनारायण के शव को रघुनंदन पैकरा और मदन पैकरा रघुनंदन के मोटर सायकल में लेकर तोलमा रोड तरफ ले गए,जहां ग्राम पोकडेगा काजूबाड़ी पर महुआ पत्ता जलाने वाले गड्ढे में शव को साथ में लाएं पेट्रोल डालकर जला दिये और वापस घर चले गए। आरोपियों सुनीता पैंकरा बताई कि उसका पति रघुनंदन पैंकरा ज्सादातर घर के बाहर ही रहता था। घर बहुत कम आता था और घटना के बाद से ही फरार है। पुलिस कई ठिकानों पर दबिश दी आरोपी रघुनंदन पैंकरा फरार है पुलिस मुखबिर लगाए हुए हैं ।आरोपियों के अपराधिक रिकार्ड की जानकारी लेने पर फरार आरोपी आरोपी रघुनंदन पैंकरा चोरी तथा मदन पैंकरा के दुष्कर्म बलात्कार के अपराध में जेल जाने की जानकारी मिली है। गिरफ्तार आरोपी सुनीता पैंकरा तथा घटनास्थल से पुलिस द्वारा खून लगे मिट्टी, मृतक का चप्पल, खून लगा बोरा व फरसा पत्ता, सुनीता पैंकरा एवं मदन पैंकरा का मोबाइल, मदन पैंकरा का घटना समय पहने कपड़े की जब्ती किया गया है। पुलिस को आरोपी मदन पैंकरा बताया कि पूरी प्लानिंग रघुनंदन पैकरा की थी। घटना के दिन हत्या के बाद घटनास्थल पर मृतक के बह रहे खून को रोकने के लिए बोरा प्लास्टिक झिल्लीद्ध का प्रयोग कर किए तथा पकड़ेगा काजू बाड़ी लाकर गड्ढे में शव को जला दिये। घटना के बाद 3 तारीख के सवेरे रघुनंदन पैंकरा ने पुलिस और सत्यनारायण पैंकरा के परिजनों में भ्रम फैलाने, गुमराह करने के लिए मृतक के मोबाइल से मृतक की मंगेतर जिससे उसकी शादी होने वाली थी उसे सत्यानारायण की बहन के मोबाइल नम्बर पर इस प्रकार का मैसेज किया कि सत्यानारायण जीवन में कुछ ऐसा कर दिया है कि वह शक्ल नहीं दिखा सकता वह अपने आप को सजा देगा। जबकि पोस्टमार्टम के अनुसार मृतक की हत्या 2 तारीख के आसपास की जानकारी मिल रही। क्राईम सीन से पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों की जप्ती कर आरोपिया, मदनलाल पैंकरा 26 साल निवासी जामझोर थाना बागबहार जिला जशपुर, सुनीता पैंकरा पति रघुनंदन पैकरा उम्र 36 वर्ष निवासी माटीपहाड़ छर्रा तुमला जिला जशपुर को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सुपरविजन, मार्गदर्शन पर में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक प्रवीण कुमार मिंज, उप निरीक्षक बीएस पैंकरा, प्रधान आरक्षक सोमेश गोस्वामी, आरक्षक जोन टोप्पो, हेलारियुस तिर्की, अमरदीप एक्का, प्रमादे भगत की अहम भूमिका रही है।

## एक नजर

### शादीशुदा महिला का अश्लील विडियो बनाकर ब्लैकमेल करने वाला युवक गिरफ्तार

**जांजगीर** । जिले के मालखरौदा में एक युवक ने एक शादीशुदा महिला से दोस्ती कर उसकी बातचीत का ऑडियो रिकार्ड कर उसे बदनाम करने के नाम पर संबंध बनाने के लिए ब्लैकमेल करने लगा। महिला जब नहीं मानी तो युवक महिला के घर में घुसा गया और महिला के सारे कपड़े उतरवाकर उसका अश्लील वीडियो बना लिया। पीड़ित महिला ने इस मामले की शिकायत मालखरौदा थानें मे की है।

शिकायत में महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी तिलक कुर्रे(25) निवासी अमेराडीह से उसकी दोस्ती एक साल पहले हुई थी। दोस्ती के बात दोनों बातचीत किया करते थे। इसी बातचीत का उसने ऑडियो रिकॉर्ड कर लिया और कहने लगा कि मुझे तुमसे शारीरिक संबंध बनाना है। लेकिन महिला ने उसे इनकार कर दिया था और युवक से बातचीत बंद कर दिया था। इस बीच 23 अप्रैल को तिलक कुर्रे उसके घर में घुस गया था। उस वक्त महिला के घर पर कोई नहीं था। उसका पति कहीं बाहर गया हुआ था। इस दौरान तिलक ने फिर से उसे संबंध बनाने के लिए जबरदस्ती की। मगर महिला नहीं मानी इसके बाद उसने जबरदस्ती करके महिला का अश्लील वीडियो बना लिया। वीडियो बनाने के बाद उसने फिर से धमकी दी और कहा कि यदि मुझसे बात नहीं करोगी तो मैं तुम्हें बदनाम कर दूंगा। अब तो मेरे पास वीडियो भी है। वह पहले से ही महिला को बदनाम करने की धमकी दे रहा था। इसके अलावा तिलक ने महिला के परिवार वालों को भी जान से मारने की धमकी दी थी। शिकायत दर्ज करने के बाद पुलिस ने तिलक को उसके घर अमेराडीह से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

### कोर्ट के आदेश के बाद शहीद बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा सुपेला के अध्यक्ष सहित तीन पर प्रकरण दर्ज

**भिलाई** । सुपेला पुलिस न्यायालय के आदेश पर ने शहीद बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा सुपेला के अध्यक्ष पलविंदर सिह सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट और चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। शिकायतकर्ता महिला का आरोप है कि घटना के समय उसने पुलिस में शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने की स्थिती में उसे न्यायालय की शरण में जाना पड़ा।

सुपेला पुलिस के अनुसार राजेन्द्र प्रसाद चौक सुपेला निवासी दलबीर कौर (62) गुरुद्वारा की दुकान नंबर 7 को किराये से लेकर वहां बुटीक चलाती थी। महिला का आरोप है कि गुरुद्वारा के अध्यक्ष पलविंदर सिंह रंधावा (59), पूर्व अध्यक्ष अनूप सिंह (65) और सुखवंत सिंह (55) की सहमति से उसने दुकान को 4 साल पहले किराये पर लिया था। इसी बीत उसके पति की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। महिला को दुर्घटना क्षतिपूर्ति राशि मिली तो उसने उन पैसों से दुकान को नए सिरे से बनवाया। दुकान में तोड़फोड़ व निर्माण के लिए उसने गुरुद्वारा कमेटी के उक्त पदाधिकारियों से अनुमति भी ली थी। दुकान बनवाने में उसका 5 लाख रुपए खर्च हो गया। इसी दौरान आरोपी पदाधिकारियों ने महिला को दुकान खाली कराने के लिए परेशान करना शुरू कर दिया। महिला ने कुछ दिन के लिए दुकान नहीं खोली। इसका फायदा उठाकर आरोपियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर 12 दिसंबर 2020 की रात दुकान का ताला तोड़कर 10 लाख रुपए का सामान गायब कर कर दिया था। सुपेला पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दुर्ग के आदेश पर धारा 156 (3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत परिवाद में आरोपी पलविंदर सिंह, अनूप सिंह और सुखवंत सिहं के खिलाफ धारा 294, 506, 420, 457, 380, 34 के तहत प्रकरण कर मामले की जांच कर रही है।

### हाई कोर्ट के असिस्टेंट रजिस्ट्रार के सूने मकान में चोरी

**बिलासपुर** । सकरी के घुरू स्थित आरबी ग्रीन विहार कालोनी में अपने परिवार के साथ ईद मनाने के लिए अपने गृहग्राम गए हाई कोर्ट के असिस्टेंट रजिस्ट्रार के सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने सोने के जेवर और नकदी रकम पार कर दिए। वापस आने पर उन्हें चोरी की जानकारी हुई। जिसके बाद असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने घटना की शिकायत पर पुलिस थानें में दर्ज करवाई।

मिली जानकारी के अनुसार सकरी क्षेत्र स्थित आरबी ग्रीन विहार कालाने में रहने वाले मोहम्मद अख्तर हाई कोर्ट में असिस्टेंट रजिस्ट्रार हैं। एक मई की शाम पांच बजे वे ईद मनाने के लिए परिवार के साथ गृह निवासी दुर्ग चले गए थे। रविवार की शाम सात बजे वे परिवार के साथ अपने घर लौटे। इस दौरान उनके मकान के मुख्य दरवाजे में लगा ताला टूटा था। मुख्य दरवाजे से वे अंदर गए तो सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने बच्चे का गुल्लक तक तोड़कर उसमें रखे दो हजार 500 रुपए पार कर दिए थे। उन्होंने आलमारी खोलकर देखा तो उसमें रखे पर्स से तीन हजार रूपये नकद,सोने की चेन सहित अन्य सामान गायब था।

## आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आत्मानंद स्कूल का किया निरीक्षण

**भिलाई** । अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई की उपयोगिता को देखते हुए दुर्ग जिले के साथ शहर में आत्मानंद स्कूल की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है। महापौर नीरज पाल शहर के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इसके लिए विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर महापौर ने छावनी, सेक्टर 4 एवं सेक्टर 7 में नवीन आत्मानंद स्कूल की सौगात दिलाई है। पटरी पार क्षेत्र में छावनी, फरीदनगर, कैंप क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड में भी आत्मानंद स्कूल बनाया जाना है। नगर निगम आयुक्त ने आज सुबह सेक्टर 6 स्थित आत्मानंद स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में मौजूद कक्षाओं के साथ परिसर में लगभग 80 लाख की लागत से खेल परिसर और सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन के लिए बन रहे निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य के लिए आयुक्त ने ठेकेदार पर नाराजगी जताई। ठेकेदार को निर्माण कार्य जल्द-से-जल्द पूरा करने कहा। इसके लिए उन्होंने जोन 5 के आयुक्त एन आर रत्नेश को निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए, आयुक्त महोदय ने 30 मई तक निर्माण कार्य कंप्लीट करने के लिए निर्देश दिए हैं।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भवन पेंड्रा और सेमरा का मरवाही विधायक ने किया भूमिपूजन

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भवन पेण्ड्रा की लागत 1.31 करोड़ और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भवन सेमरा की लागत 1.95 करोड़ रूपए



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** । छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय योजना के तहत गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में पेण्ड्रा एवं सेमरा आत्मानंद विद्यालय के नवीन भवन का राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त विधानसभा मरवाही के विधायक डॉ के.के. ध्रुव द्वारा भूमि पूजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भवन सेमरा की लागत 1.95 करोड़ एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भवन पेण्ड्रा की लागत 1.31 करोड़ रूपए है। पेण्ड्रा और सेमरा आत्मानंद विद्यालय के भूमि पूजन अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेंड्रा रोड, जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग के अन्य स्टाफ, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## चैतुरगढ़ के घने जंगल में शेर की धमक, पालतू मवेशी को बनाया शिकार

9 हाथियों का दल भी विचरण कर रहा पाली मुख्यालय के समीप जंगलों में

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

जिले के पाली विकासखण्ड अंतर्गत चैतुरगढ़ के जंगल मे इन दिनों एक शेर की दस्तक हुई है जिसे बगदरा से सपलवा मार्ग पर रामटोक के समीप इस मार्ग से देर शाम के वक्त गुजर रहे लोगों ने विचरण करते देखा है।



### वनांचल ग्रामों में दहशत का माहौल

वहीं ग्राम बारीउमराव निवासी ग्रामीण सुखरू सिंह पिता बलवान सिंह के एक बैल को बिजरा घाट के पास शेर ने बीते 22 अप्रैल को अपना निवाला भी बनाया है। दूसरी ओर 9 हाथियों का दल भी पाली मुख्यालय के आसपास जंगलों में विचरण कर रहा है। जिनमें दो बच्चे भी शामिल है। घने वनों से आच्छादित चैतुरगढ के पहाड़ियों में शेर की धमक और पाली के समीप हाथियों के आने से वनांचल में बसे ग्राम के निवासियों में दहशत व्याप्त है। बता दें कि वर्तमान भीषण गर्मी का दौर चल रहा है, और जंगल के अधिकतर नदी-नालों का पानी सूख गया है। चैतुरगढ का घना जंगल अचानकमार टाइगर रिजर्व से जुड़े होने के कारण शेर सहित अन्य हिंसक जानवर ग्रीष्मकालीन मौसम में चारे-पानी की तलाश में भटककर इस जंगल मे पहुंच जाते है और ग्रामीणों के पालतू मवेशियों, भेंड़, बकरियों को अपना चारा बनाते है। वही कटघोरा वनमंडल के पसान परिक्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों का एक दल पहली बार पाली मुख्यालय के काफी समीप जंगलों में पहुंचा है। जिनके डर से वनांचल में बसे ग्रामीण घर से बाहर कहीं आने जाने को लेकर एहतियात बरत रहे है। फिलहाल वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अलर्ट है व वनांचल के ग्रामीणों को सतर्क रहने कहा गया है।

## उद्यानिकी फसलों हेतु मौसम आधारित फसल बीमा लागू, अंतिम तिथि 15 जुलाई तक

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।

राज्य में उद्यानिकी फसलों में पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना अंतर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2022-23 के क्रियान्वयन हेतु छग शासन कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा अधिसुचना जारी कर दी गई है।



जिसके अंतर्गत जिले में अधिसूचित फसलें टमाटर ;बीमित राशि.100000, प्रिमियम राशि.5000, केला बीमित राशि 150000, प्रिमीयम राशि.7500, बैगन बीमित राशि. 70000, प्रिमीयम राशि 3500 मिर्च बीमित राशि.80000, प्रिमीयम राशि.4000, अदरक बीमित राशि 130000, प्रिमीयम राशि 6500, पपीता ;बीमित राशि 110000 प्रिमीयम राशि. 5500, एवं अमरूद बीमित राशि 40000 प्रिमीयम राशि 2000, है। योजना के क्रियान्वयन के लिए राजस्व निरीक्षक मण्डल को बीमा इकाई बनाया गया है एवं किसानो को बीमा हेतु कास्त के लिए निर्धारित ऋणमान बीमित राशि का 5 प्रतिशत प्रीमियम के रूप में देना होगा। इन सभी फसलों के जोखीम अवधि 1 मार्च 2022 से 31 दिसम्बर 2023 है। इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के प्रतिकूल मौसम जैसे अधिक वर्षा, कम वर्षा, बेमौसम वर्षा, अधिक तापमान, कम तापमान, बीमारी अनुकूल मौसम, वायु गति से होने वाली फसलो की क्षति के नुकसान का आंकलन स्वचलित मौसम केन्द्र एडब्ल्यूएस द्वारा किया जायेगा। स्थानीय आपदा ओलावृष्टि की स्थिति में कृषको को इसकी सूचना सीधे बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 1800.209.5959 पर या लिखीत रुप से 72 घंटो के भीतर बीमा कंपनी संबंधित बैंक, स्थानीय उद्यानिकी विभागए जिला अधिकारी को बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति की मात्रा तथा क्षति का कारण सहित सूचित करना होगा। सभी ऋणी एवं अऋणी कृषक जो भी उद्यानिकी फसले ले रहे हैं। 15 जुलाई 2022 तक लोकसेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति कंपनी के प्रतिनिधी के माध्यम से बीमा करा सकते है।

ऋणी कृषक अपने सहकारी, ग्रामीण, वाणिज्यिक बैंक की शाखाओं से संपर्क कर नामांकन करा सकतें है एवं अऋणी कृषक नक्शा, खसरा एवं पासबुक की प्रति एवं क्षेत्र बुवाई प्रमाण पत्र या बुवाई के आशय का स्वघोषणा पत्र जो क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी, ग्राउण्वी अधिकारी द्वारा सत्यापित हो जमा कर नामांकन करा सकते है। जिले में फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन हेतु बजाज एलायंज जनरल इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड को अधिकृत किया गया हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी सहायक संचालक उद्यान कार्यालय सूरजपुर या मैदानी क्षेत्रों में पदस्थ उद्यान विकास अधिकारियों से प्राप्त की जा सकती है।

फिर जोहार छत्तीसगढ़ समाचार का दिखा असर

# टोनही प्रताड़ना मामले में एसडीओपी ने लिया संज्ञान, आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।

टोनही प्रताड़ना मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वाक्या धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पुटुकछार के आश्रित गांव धौराभांठा की है। जोहार छत्तीसगढ़ ने इस घटना को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसे गंभीरता से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा ने संज्ञान में लिया।



एसडीओपी मिश्रा स्वयं इस विषय के जांच में जुट गए। इस मामले को लेकर अपनी टीम के साथ ग्राम धौराभांठा में जन चौपाल लगाई। जन चौपाल में बुलाकर दिनों पक्षों का बात सुनने के बाद एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा ने आरोपी के खिलाफ टोनही प्रताड़ना का अपराध दर्ज करने का निर्देश दिया। जन चौपाल में ग्रामीणों को सामाजिक बुराई, अंधविश्वास, टोनही प्रताड़ना विषय पर बताते हुए समझाइश दी गई।

थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए प्रार्थी रामप्रसाद पण्डो ने बताया है कि वह अपने पत्नी कौशिल्या एवं बच्चों के साथ रहता है। उसके बड़े भाई शिवप्रसाद एवं उसका पत्नी गुलाबी एवं बेटा कांशीराम पड़ोस में रहते हैं। जो आए दिन रामप्रसाद एवं उसकी पत्नी कौशिल्या को टोनही कह कर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हैं। 18 अप्रैल 2022 को रात्रि लगभग 12 बजे शिवप्रसाद का बेटा कांशीराम रामप्रसाद के घर के दरवाजे को टांगी से मारते हुए सभी को जान से मारने की बात कह रहा था। तब रामप्रसाद घर में नहीं था। उसकी पत्नी और बच्चे घर में सो रहे थे। जो कांशीराम के चिल्लाने की आवाज एवं जान से मारने की बात सुनकर डर गए। किसी तरह पीछे के दरवाजे से बाहर निकलकर दूसरे मोहल्ले में रात गुजारी थी। जिसकी शिकायत धरमजयगढ़ थाने में की गई थी। कार्यवाही में देर होने की खबर को हमारे द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसे एसडीओपी ने गंभीरता से लेते हुए स्वयं छानबीन में जुट गए थे। विवेचना के दौरान घटना सही पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 4,5 टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

## जनचौपाल में पहुंचे ग्रामीणजन, लगाई गुहार

**कांकेर ।** जिला कार्यालय में आयोजित जन चैपाल में कलेक्टर चन्दन कुमार को जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे 14 नागरिकों द्वारा अपनी समस्या से संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर निराकरण करने की गुहाई लगाई। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निराकरण के लिए आश्वासन दिया। जनचौपाल में नरहरपुर तहसील के ग्राम बागोड़ निवासी ध्रुव कुमार एवं ग्रामीणजन, ग्राम डुमरपानी के सरपंच एवं कृषकगण, नरहरपुर वार्ड क्रमांक 13 के सुशीला ध्रुव, पखांजूर तहसील के ग्राम कौड़ो साल्हेभाट के सरपंच बसंत ध्रुव, पखांजूर के उत्तम मिस्त्री, ग्राम सुलंगी निवासी नवल सिंह एवं अन्य ग्रामीणजन, पी.व्ही. 51 जयपुर के कौशिल्या समदार, चारामा तहसील के कहाड़गांदी निवासी संत कुमार उसेण्डी, ग्राम जेपरा के मनमोहन सिन्हा, चारामा निवासी आशाबाई, भण्डारीपारा कांकेर के कैलाश कुमार यादव, ग्राम अंजनी निवासी मदनलाल साहू और कांकेर के धीरज मण्डावी ने आवेदन प्रस्तुत किये।

## एक नजर

### इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक एवं ड्रायवर कम मैकेनिक हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक एवं ड्रायवर कम मैकेनिक हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है जिसके लिए 20 मई 2022 तक इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। प्रशिक्षण की कुल अवधि 600 घंटे तथा प्रति दिवस 4 घंटे की होगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक के लिए न्यूनतम आठवी पास तथा ड्रायवर कम मैकेनिक के लिए पांचवी पास होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र निवास एवं जाति प्रमाण-पत्र, बीपीएल, एपीएल पत्र राशन कार्ड आधार कार्ड एवं दो पासपोर्ट साईज की फोटो जमा करना आवश्यक है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में डोमेस्टिक डाटा एंट्री आपरेटर एवं ऑफिस असिस्टेंट कोर्स में निःशुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम 10 वीं/12 वीं कक्षा एवं आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगी। जिसके उपरांत प्रशिणार्थियों को रोजगार सुनिश्चित करवाया जायेगा। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ मोबाईल नं 9752658995 एवं 9522951210 से संपर्क कर सकते हैं।

### कन्या आश्रम भानबेड़ा से अधीक्षक रेखा ठाकुर अपने मूल संस्था में वापस

**कांकेर ।** कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा आश्रम व्यवस्था एवं शैक्षणिक कार्य सुचारू रूप से संचालन करने के लिए कन्या आश्रम कुड़ाल के अधीक्षक श्रीमती मान नाग को अपने कार्य के साथ-साथ कन्या आश्रम भानबेड़ा का कार्य को भी संपादित करने आदेशित किया गया है। अधीक्षक रेखा ठाकुर को कन्या आश्रम भानबेड़ा में अधीक्षक कार्य से मुक्त करते हुए उनकी मूल संस्था पूर्व माध्यमिक शाला डोंगरकट्टा में उपस्थिति देने आदेशित किया गया है, यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### ट्रक का टायर फटा,युवक उड़े चिथड़े

**अंबिकापुर ।** ट्रक का टायर फटने से एक युवक की मौत होने का मामला सामने आया है। हादसा इतना भयानक था कि कार के पास मौजूद युवक के शरीर के चिथड़े उड़ गये जिसे पुलिस को कपड़े में समेटना पड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार घटना शहर के नमनाकला रिंग रोड पर स्थित एक गैराज की है जहां झारखंड के गढ़वा में रहने वाला मुन्ना चंद्रवंशी रोज की तरह रविवार दोपहर को अपने गैराज में काम कर रहा था इसी दौरान गैराज मे खड़े एक ट्रक का टायर तेज धमाके के साथ फट गया और मुन्ना के शरीर की टूकड़े-टूकड़े हो गए। शोर सुनकर अन्य कर्मचारी और लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे तो मुन्ना का शव टुकड़ों में बिखरा पड़ा था। इसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि विस्फोट से कर्मचारी मुन्ना चंद्रवंशी को तेज झटका लगा। यह झटका इतनी तेज था कि मुन्ना हवा में उड़ता हुआ पास खड़े दूसरे ट्रक से टकराया। इस हादसें में मृतक के सीने और पेट का हिस्सा पूरी तरह बाहर निकल कर पड़ा था। हाथ, पैर भी फट गए थे। हालात ऐसे थे कि मुन्ना के शव को पुलिसकर्मियों ने कपड़े की मदद से समेटा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण के लिए 12 तक शिविर का आयोजन

**जगदलपुर ।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला बस्तर द्वारा जिले के शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण हेतु 12 मई तक जिले के सभी विकासखण्डों में अलग-अलग तिथियों में शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री भारती प्रधान ने बताया कि इसके अन्तर्गत आज विकासखण्ड बकावण्ड के शिक्षकों के लिए विकासखण्ड मुख्यालय बकावण्ड के अलावा बजावण्ड एवं करपावण्ड में शिक्षक समस्या निवारण शिवर का आयोजन किया गया। इसी तरह 10 मई को विकासखण्ड मुख्यालय बस्तर में सुबह 10 से 11 बजे तक एवं दोपहर 12 से 1 बजे तक 11 मई को विकासखण्ड मुख्यालय तोकापाल में सुबह 10 से 11 बजे तक एवं विकासखण्ड मुख्यालय बास्तानार में दोपहर 12 से 1 बजे तक तथा विकासखण्ड मुख्यालय लोहण्डीगुड़ा में दोपहर 3 से 4 बजे तक शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है।

## दुलदुला विकास खंड अन्तर्गत ग्राम चराईडांड़ में राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ का बैठक सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़- दुलदुला।

राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ का जिला स्तरीय बैठक का आयोजन ग्राम चराईडांड़ में आयोजित किया गया। जिसमें इस क्षेत्र में हो रहे गौ हत्या एवं धर्मान्तरण जैसे प्रमुख मुद्दा पर विशेष चर्चा किया गया बैठक का अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष करनेल सिंह के द्वारा किया गया जिसमें मुख्य रूप से गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के प्रदेश मंत्री वेद प्रकाश तिवारी जशपुर एवं मुख्य मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माननीय जिला सह संघ चालक राजीव रंजन नन्दे, उपस्थित रहे उन्हों ने बताया कि यह दोनों विषय राष्ट्रीय एवं हिन्दू समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है यह हम सभी जानते हैं कि भारत कृषि प्रधान देश हमेशा से रहा है और रहेगा जिसके लिये गौ वंश सुरक्षित रहना बहुत जरूरी है और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी सम्पूर्ण हिन्दू समाज गौ वंश को गौमाता के रुप में पूजते हैं और चुंकी माता और पुत्र का सम्बध ऐसा होता है वह काटने से कटता है या मिटाने से मिटता है वह अमिट है गौमाता और सम्पूर्ण हिन्दू समाज का माता एवं पुत्र का है अपने माता का हत्या पुत्र के सामने यदि कोई करता है यह असहनीय है हिन्दू समाज यह बरदाश्त नहीं करने वाला है गौमाता का रक्षा हिन्दू समाज हर हाल किया है और करते रहेंगे



धर्मान्तण भी इस क्षेत्र में जोरों से चल रहा है जो आगे चल कर राष्ट्रानातरण की ओर ले जाते हैं ऐसे धर्मान्तण को रोक लगाना अपने हिन्दू समाज को जागरण कर अपने पूर्वज के बनाये गये राह में चलना ही हम सभी का अपने पूर्वजों सच्चा श्रद्धांजली होगी बैठक को वेद प्रकाश तिवारी जशपुर के द्वारा भी सम्बोधन किया गया बैठक में आपेक्षित सभी जिला पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

## सरिया नाला के पास 11 के दल में चहलकदमी करते फिर नजर आए हाथी

जोहार छत्तीसगढ़- धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ रायगढ़ रोड़ सरिया नाला के ऊपर मुख्य मार्ग किनारे 11 के दल में हाथी फिर से चहलकदमी करते नजर आए हैं जिसे देख सड़क के दोनों छोर में लोग इकट्ठे हो गए इस दौरान जैसे ही हाथी मौजूदगी की जानकारी वन विभाग में हुई उसके तुरंत बाद वनकर्मी व हाथी मित्र दल मौके पर तैनात हो गए और सुरक्षा की दृष्टि से सड़क के दोनों छोर को कुछ देर के लिए जाम कर दिया गया ताकि हाथी से किसी तरह की नुकसानी न हो और हांथियों का दल शांति पूर्वक एक जंगल से दूसरे जंगल मे सड़क पारकर जा सकें और हुआ भी वैसा ही कुछ देर बाद जब सड़क शांत हुआ तो 11 के दल में मौजूद हाथी जिसमे नर मादा और नन्हे शावक मौजूद थे बड़ी आसानी से सड़क पार कर 368 कमार्टमेंट जंगल से 367 मे अंदर की ओर चले गए तब कहीं जाकर रुके हुए राहगीर अपनी मंजिल को रवाना हो सके वहीं इसके बाद बता देंएहांथियों की दिशा को ध्यान में रखते हुए वनकर्मी व हाथी मित्र दल प्रभावित इलाके में लोगों को हाथी आमद की जानकारी देने में जुट गए है ताकि हांथियों से किसी भी प्रकार की होने वाली क्षति को रोका सके।

## दलदली में जल जीवन मिशन योजना का विधायक ने किया भूमिपूजन

**कांकेर ।** नरहरपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम दलदली में जल जीवन मिशन योजना के तहत संसदीय सचिव एवं विधायक शिशुपाल शोरी द्वारा रेट्रोफिटिंग कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत नरहरपुर के अध्यक्ष संजूलता नेताम, दलदली के सरपंच रीना नेताम उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री शोरी ने पानी के महत्व को बताते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के आने से गाँव के लोगों को पानी की समस्या से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा चलाये जा रहे सुराजी योजना के स्वरूप जल जीवन मिशन को भी गाँव की व्यवस्था में हाथ बटाने के लिए लोगो को प्रेरित करें। जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम दलदली में नल जल योजना के तहत गाँव के हितग्राहियों को हर घर में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा और इससे पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

## नव पदस्थ एसडीएम से प्रेस क्लब लैलूंगा के प्रतिनिधि मण्डल ने की सौजन्य मुलाकात

जोहार छत्तीसगढ़- लैलूंगा।

प्रेस क्लब लैलूंगा के अध्यक्ष उमेश दादरी वाल के मार्गदर्शन पर आज लैलूंगा के सभी पत्रकार बंधु ने नव पदस्थ एसडीएम से पुष्प गुच्छ भेंट देकर सौजन्य मुलाकात किया मुलाकात के दौरान लैलूंगा की हकीकत से रूबरू कराया गया। जिसमें कई



अहम चर्चा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश दादरी वाल, कार्यकारणी अध्यक्ष अशोक भगत, उपाध्यक्ष आदित्य बाजपेयी, ममता साहू प्रवक्ता सतीश शुक्ला, सचिव चंद्र शेखर जायसवाल, सह-सचिव प्रमोद प्रधान, कार्यकरणी सदस्य

रामचन्द्र जायसवाल, राकेश जायसवाल, अभिषेक मिश्रा, विनय गोयनका, चंद्रदीप मित्तल, राज पटेल, शशिकांत बंजारा आदि उपस्थित रहे।

## बीएड प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर में मालिकचंद को मिला उत्कृष्ट स्थान

जोहार छत्तीसगढ़- लैलूंगा।

इंसान के नेक उद्देश्य,सच्ची लगन और मेहनत उसको उपलब्धि तक पहुंचाने में हमेशा सहायक रहता है।

इस उक्ति को चरितार्थ किया मालिकचंद भारद्वाज व्याख्याता शा.उ.मा. वि. झगरपुर, वि.खं लैलूंगा के विभागीय प्रशिक्षार्थी, जिन्होंने सत्र 2020-21 एवं 21-22 के दौरान अपनी उपस्थिति 100: रखते हुए पूरे सरगुजा और बिलासपुर संभाग से अध्ययनरत सभी प्रशिक्षार्थी में केवल अकेले यह कामयाबी हासिल किया। इसी के साथ इन्होंने अन्य विधाओं यथा गायन, तबला वादन, गीत व कविता रचना,कक्षा प्रस्तुति एवं मंच संचालन में भी उत्कृष्टता स्थापित किया। इस शुभ अवसर पर संस्थान आईएएसई के बीएड प्रभारी प्रो. नलिनी पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि विभागीय प्रशिक्षार्थी अक्सर




अपनी व्यस्तता के कारण इस उपलब्धि की ओर धयान नहीं देते हैं मगर इसे कर दिखाया मालिकचंद भारद्वाज ने जो सभी प्रशिक्षार्थी के लिए प्रेरणा के श्रोत हैं। उन्होंने आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि मालिकचंद ने अपने पदस्थ संस्था विकास खंड और जिला का नाम रोशन किया। अपनी शाला में बच्चों को प्रशिक्षण का लाभ प्रदान करेंगे और सेवा में भी उत्कृष्टता बनाये रखेंगे। इसी विश्वास के साथ उन्होंने उज्जवल भविष्य की कामना की।

संस्थान के प्राचार्य प्रोफेसर रमाकांति साहू ने भी आशीर्वाद प्रदान करते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दीर्घायु प्रदान किया।

## ऑनपेसिव कम्पनी का मार्केटिंग कैंपेनिंग दुबई के बाद अब भारत में भी होगा-गनपत चौहान

जोहार छत्तीसगढ़- घरघोड़ा।

ऑर्टिफिसियल इंटेलीजेंस बेस आईटी कम्पनी ऑनपेसिव के सीईओ एस मुफरे की यह सोच कि एक आम व्यक्ति से खास व्यक्ति चाहे वह निरक्षर हो या साक्षर कोई भी ऑनपेसिव में संस्थापक सदस्य बनकर आर्थिक दृष्टिकोण से वह अपने जीवन स्तर को सुधारते हुए लोगों के जनकल्याण के लिए भी कार्य करने में सक्षम हो सकता है यही वजह है कि भारत सहित एक सैकड़ा से भी अधिक देशों से ऑनपेसिव कम्पनी के फीचर को देखते हुए 2018 से आज संध्या तक तेरह लाख लोगो ने फाउंडरशीप लिया और प्रतिदिन इसकी निरंतरता बनी हुई है गत 30 मार्च को दुबई में दुनिया की सबसे ऊंची बिल्डिंग बुर्ज खलीफा से इस कम्पनी का प्रचार प्रसार प्रारंभ हुआ है अब यथाशीघ्र भारत मे भी मार्केटिंग कैंपेनिंग होने जा रही है यह कहना ऑनपेसिव के फाउंडर मेम्बर गनपत चौहान का है।



### छः प्रोडक्ट हो चुके है तैयार

ऑनपेसिव कम्पनी मे आधा सैकड़ा से भी अधिक टुल्स के निर्माण का लक्ष्य है कम्पनी के सीईओ एस मुफरे ने भारत के हैदराबाद से अबतक छ टूल्सो का निर्माण करवाकर बीटा टेस्ट के लिए फाउंडर मेम्बरो को दिया जा चुका है जैसे ओ मेल ओ नेटवर्क,ओ ट्रीम, ओ डेस, ओ चैट, ओ स्टाफ, गनपत चौहान यह भी बतलाते है कि यथाशीघ्र आने वाली एक टूल्स प्रोडक्ट ओ कनेक्ट मौजूदा आईटी कम्पनी जूम से बेहतर होगी जूम 100 व्यक्तियों को ही मुफ्त में मिटिंग में शरीक हो सकते है जिसका समय भी 45 मिनट का होता है जबकि ऑनपेसिव कम्पनी के ओ कनेक्ट में दस हजार लोगो को मुफ्त में वर्चुअल मिटिंग शामिल होने की क्षमता होगी और टाइम भी अनलिमिटेड होगी जूम मे बीस हजार लोगो की क्षमता जबकि ओ कनेक्ट मे एक लाख लोगो के जुडने की जबरदस्त गुणवत्ता युक्त क्षमता होगी ऑनपेसिव में एक एक प्रोडक्ट एक एक कम्पनी के रुप में यथाशीघ्र पूरी दुनिया के बाजार में आ रही है फलस्वरूप मौजूदा समय में चल रही तमाम आईटी कम्पनियां ऑनपेसिव के सामने बौने साबित होंगे।

### यथाशीघ्र बंद होगी फाउंडर मेम्बरों का बनना

कम्पनी के सीईओ एस मुफरे ने संदेश दिया है कि अब यथाशीघ्र फाउंडर मेम्बरों की प्रक्रिया बंद की जायेगी जिसकी तिथि आने वाले दिनों में घोषणा की जायेगी उक्त प्ररिप्रेक्ष्य में संस्थापक सदस्य गनपत चौहान का कहना है कि यह कम्पनी भारत की नहीं पूरी दुनिया के देशों में रजिस्टर्ड है इसलिए समय रहते मौजूदा समय में इस कम्पनी में 97 डॉलर देकर फाउंडर मेम्बर बना जा सकता है उन्होंने यह भी बतलाया कि भारत से ही अब तक छः लाख से अधिक लोगों ने इस कम्पनी में संस्थापक सदस्य बन चुके है !

### स्वयं का होगा डाटा सेन्टर

गनपत चौहान ने यह भी बतलाया कि ऑनपेसिव कम्पनी का स्वयं का एक अत्याधुनिक डाटा सेन्टर होगा जिसके सहारे पचास से अधिक टूल्स पूरी दुनिया के लोगो के सामने होगा जिसके तहत ओ एकेडमी ओ ब्लेस ओ वालेट जैसे अनेकों प्रोडक्ट लांच होगी ऑनपेसिव का स्वयं का पूरी दुनिया में इकलौता विश्वविद्यालय भी होगा जहां इंजीनियरिंग व मेडिकल की पढाई होगी। उन्होंने यह भी बतलाया कि जैसे मौजूदा समय में फेसबुक है वह ऑनपेसिव में ओ नेट के नाम से होगा। वाट्सएप ओ चैट,जीमेल को ओ मेल जैसे ऑनपेसिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के फीचर में सस्ता,सुन्दर और बेहतरीन टूल्स दुनिया के बाजार में यथाशीघ्र लांच होने के कागार पर है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in